


RNI NO-UPHIN/2023/84340

# सबसे तेज प्रयागराज

सब पर नजर, सटीक खबर

नगर संस्करण | hpshukla50@gmail.com | शुक्रवार, 21 फरवरी 2025 | वर्ष: 02, अंक: 365, पृष्ठ: 8, मूल्य: 2 रू. | प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र


# रेखा गुप्ता के हाथ में दिल्ली की कमान

## प्रवेश वर्मा दिल्ली के डिप्टी सीएम, शिक्षा, परिवहन-पीडब्लयूडी विभाग मिला, सीएम ने गृह-वित्त अपने पास रखा

**नई दिल्ली**

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली की सत्ता में 27 साल बाद वापसी हो गई। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ की पूर्व अध्यक्ष और पहली बार विधायक चुनी गईं रेखा गुप्ता दिल्ली की बागडोर संभालने वालीं नौवीं मुख्यमंत्री बन गईं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित भव्य और दिव्य समारोह में उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। रेखा गुप्ता ने हिंदी में ईश्वर के नाम पर शपथ ली। दिल्ली की नई मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को जेड श्रेणी सुरक्षा प्रदान की गई है। उनके घर के बाहर भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने रेखा गुप्ता के साथ प्रवेश साहिब सिंह, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंदर इन्द्राज सिंह, कपिल मिश्रा और पंकज कुमार सिंह को मंत्री पद की शपथ दिलाई। रेखा गुप्ता दिल्ली में मदन लाल खुराना, साहिब सिंह वर्मा और सुषमा स्वराज के बाद भाजपा की चौथी मुख्यमंत्री बनी हैं। इसके साथ ही वो वर्तमान में भाजपा शासित किसी भी राज्य में एकमात्र महिला मुख्यमंत्री भी बन गई हैं। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। इनके अलावा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन शासित राज्यों के कई मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री भी शपथ ग्रहण समारोह के साक्षी बने। दिल्ली भाजपा विधायक दल की बैठक में 19 फरवरी को 50 वर्षीय रेखा गुप्ता को नेता चुना गया।



### दिल्ली की मुख्यमंत्री अपने मंत्रियों के साथ यमुना आरती में हुई शामिल



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता अपने मंत्रियों के साथ गुरुवार शाम वासुदेव घाट पर यमुना आरती में शामिल हुईं। इस दौरान उनकी मंत्रिपरिषद के सदस्य- प्रवेश वर्मा, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंद्र इंद्राज सिंह, कपिल मिश्रा एवं पंकज कुमार सिंह के साथ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और अन्य नेता भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यमुना की आरती करते हुए आज हमने उस संकल्प को दोहराया जो हमारी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि मां यमुना को फिर से उनके पुराने स्वरूप में लेकर आना और साफ-सुथरा बनाना हमारा संकल्प है। दिल्ली को यमुना मां फिर से आशीर्वाद देना जिसकी वो अधिकारी हैं।

यमुना की सफाई हमारी प्राथमिकता है, उसके लिए जो भी साधन, संसाधन लगाना होगा, उसे पूरे ले आउट प्लान के साथ कार्य करेंगे। यमुना आरती के बाद मुख्यमंत्री गुप्ता पहली कैबिनेट बैठक के लिए सचिवालय चली गईं।

### कौन हैं प्रवेश वर्मा: पूर्व सीएम के बेटे ने केजरीवाल को हराया था



**2025 में** नई दिल्ली सीट पर यही कहावत चरितार्थ हुई। 12 साल में नई दिल्ली से तीन बार जीतकर इस सीट को अपना किला बना चुके अरविंद केजरीवाल को चौथी बार की जंग में इस सीट पर हार मिली। वह भी ऐसे चेहरे के सामने, जिसने अब तक के अपने सियासी करियर में हार का मुंह नहीं देखा है। यह चेहरा है- प्रवेश वर्मा का, जो कि 2013 में चुनाव जीतने के बाद 2025 में दिल्ली का विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए उतरे और एक बार फिर जीत हासिल की। अब उन्हीं प्रवेश वर्मा दिल्ली में कैबिनेट मंत्री पद की शपथ ले ली है।

**कौन हैं प्रवेश साहिब सिंह वर्मा?**

प्रवेश वर्मा का जन्म 7 नवंबर 1977 को एक स्थापित राजनीतिक परिवार में हुआ। उनके पिता साहिब सिंह वर्मा भाजपा के कद्दावर नेताओं में गिने जाते हैं। वे दिल्ली के मुख्यमंत्री भी रहे हैं। राजनीति में प्रवेश का रुझान बढ़ाने में उनके पिता का योगदान काफी अहम माना जाता है। प्रवेश के चाचा आजाद सिंह उत्तर दिल्ली नगरपालिका में मेयर रह चुके हैं। 2013 में उन्होंने भाजपा के टिकट पर मुंडका विधानसभा सीट से चुनाव भी लड़ा था।

### दिल्ली विधानसभा का डिप्टी स्पीकर बनेंगे मोहन सिंह बिष्ट

**नई दिल्ली:** मोहन सिंह बिष्ट 2013 में भाजपा की दिल्ली इकाई के उपाध्यक्ष नियुक्त किए गए थे। तब विजय गोयल अध्यक्ष बनाए गए थे। उनकी पत्नी का नाम लक्ष्मी बिष्ट है। उनके दो बच्चे- एक बेटा और एक बेटी है। गौरतलब है कि मोहन सिंह बिष्ट लंबे समय से दिल्ली की करावल नगर सीट से भाजपा के विधायक रहे हैं। अगर 2015 की बात छोड़ दी जाए तो उन्हें सभी चुनावों में जीत मिली। हालांकि, इस बार भाजपा ने करावल नगर सीट से कपिल मिश्रा को उतारने का फैसला किया। कपिल मिश्रा वही नेता हैं, जिन्होंने आम आदमी पार्टी की तरफ से लड़ते हुए 2015 में करावल नगर सीट से मोहन बिष्ट को हरा दिया था। भाजपा ने इसी आधार पर 2025 में मोहन सिंह बिष्ट का टिकट काटते हुए कपिल मिश्रा को इस सीट से चुनाव लड़ाने का फैसला किया। भाजपा ने अपनी तैयारी के तहत दूसरी लिस्ट में करावल नगर से कपिल मिश्रा को चुनाव लड़ाने का एलान कर दिया। पार्टी के इस फैसले को लेकर मोहन बिष्ट खासे नाराज दिखाई दिए। उन्होंने इसे भाजपा की बड़ी गलती करार दिया। बिष्ट ने यहां तक कहा था कि अगर भाजपा बिष्ट को टिकट नहीं देती तो करावल नगर से ही निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे।







# केंद्रीय बजट विकसित भारत की गति को निर्धारित करेगा- वाई पी सिंह

**ब्यूरो चीफ**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी। भारतीय जन**ता पार्टी जिला कार्यालय में आयोजित केंद्रीय बजट संगोष्ठी को व प्रेस वार्ता को बतौर मुख्यातिथ वाई पी सिंह (नगर औद्योगिक विकास निगम)ने संबोधित किया।
वित्त वर्ष 2025 2026 का केंद्रीय बजट विकसित भारत की गति निर्धारित करने का लक्ष्य रखता है या बजट स्वीकार करता है कि किसी देश की शक्ति उसके भूमि में नहीं बल्कि उसके लोगों में होती है और इस प्रकार सभी वर्गों में समावेशी विकास के माध्यम से मोदी सरकार की सबका साथ सबका विकास की प्रतिबद्धता को पुनर्जीवित करती है यह बजट छह प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित है कराधान, ऊर्जा क्षेत्र ,शहरी विकास, वित्तीय क्षेत्र,नियामक सुधार,और खनन इस बजट का लक्ष्य एक व्यापक अच्छा आयामी दृष्टिकोण पर



आधारित है जिसमें विकास को गति देना समावेशी विकास को सुरक्षित करना भारत के मध्यम वर्ग के शक्ति को बढ़ावा देना निजी क्षेत्र के निवेश को प्रेरित करना और घरेलू भावनाओं को सशक्त करना शामिल है।

इसी क्रम में जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने संबोधित करते हुए बताया कि मोदी सरकार ने मध्यम वर्ग को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता को फिर से दोहराया है ताकि उसकी क्षमता को बढ़ाया जा सके वरिष्ठ नागरिकों के लिए ब्याज पर कटौती की सीमा को वर्तमान में 50000 से दोगुना कर एक लाख कर दिया गया है इसी प्रकार किराए पर टीडीएस की वार्षिक सीमा 240000 से बढ़कर 6 लाख कर दी गई है इसके अतिरिक्त विदेशी प्रश्न पर संग्रह टीसीएस की सीमा 7 लाख से बढ़कर 10 लाख कर दी गई है मोदी सरकार ने मध्यम वर्ग पढ़कर भोज को कम करने के मार्ग को जारी रखा है 12 लाख तक के समान आए वाले करदाताओं को कर छूट दी जा सकती है जो स्लैप दर में कमी के कारण होने वाले लाभ के अतिरिक्त होगी जिससे उनका कोई कर दे नहीं होगा 12 लाख किया वाले का डाटा को 80000 का कर लाभ मिलेगा जो मौजूदा दलों के अनुसार 100% कर देता के बराबर है इसी प्रकार 18 लाख की आय वाले व्यक्ति को 70000 का कर लाभ प्राप्त होगा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश एक बेहतर भविष्य की ओर बढ़ रहा है सरकार सुशासन के माध्यम से नागरिकों के जीवन को आसान बनाने और उनके महत्वाकांक्षी लक्ष्य को पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है इस बजट में आधारित सिद्धांतों और विश्वास पर आधारित हल्का नियम की ढांचा प्रस्तुत किया गया है इससे आने वाले दशकों में उत्पादकता और रोजगार में वृद्धि होगी नियम की सुधारो की उच्च स्तरीय समिति गठित की जाएगी और गैर मिट्टी क्षेत्र की सभी नियमा वलियों प्रमाण पत्रों लाइसेंसों और अनुमतियों की समीक्षा करेगी इसका उद्देश्य विश्वास आधारित आर्थिक प्रशासन को मजबूत करना और निरीक्षण एवं अनुपालन के मामलों में व्यवसाय करने में आसानी को बढ़ाना है 2025 में निवेश अनुकूलता सूचकांक लॉन्च किया जाएगा इससे प्रतिस्पर्धी सहकारी संघवाद की भावना को बढ़ावा मिलेगा इसके अतिरिक्त मोदी सरकार जनविश्वास अधिनियम 2.0 पेश करेगी इसके अंतर्गत सबसे अधिक विधायी प्रावधानों में अपराधों को गैर अपराधीकरण किया जाएगा इसका उद्देश्य व्यवसाय करने में आसानी बढ़ाना और नागरिकों के समग्र कल्याण को सुनिश्चित करना है।इस मौके पर काशी क्षेत्र से उपाध्यक्ष व जिला प्रभारी अवधेश चंद्र गुप्ता, कार्यक्रम के संयोजक व जिला उपाध्यक्ष आशीष केसरवानी,सह संयोजक व जिला मंत्री प्रदीप पांडेय शीलू,जिला उपाध्यक्ष अजय पाण्डेय, चक्रेश मिश्रा,जिला महामंत्री संजय जायसवाल, दीप चंद्र दिवाकर, कॉपरेटिव के अध्यक्ष शिव मोहन मौर्य, रमेश अग्रहरि, वरिष्ठ भाजपा नेता भोलेशंकर कुशवाहा,सभी वरिष्ठ अधिवक्तागण, जनपद के तमाम व्यापारीगण,किसान, मजदूर, महिलाएं उपस्थित रहीं।

## एसपी द्वारा रेस्क्यू टीम को उत्साहवर्धन हेतु नकद पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया







**सबसे तेज प्रयागराज**
**बाराबंकी । 18 फरवरी को** यूपी 112 पर थाना दरियाबाद क्षेत्रान्तर्गत बीकापुर में एक व्यक्ति के कुंआ में गिर जाने की सूचना पर पीआरवी 5494 के कर्मचारीगण द्वारा अल्प समयावधि में घटनास्थल पर पहुंचकर त्वरित कार्यवाही करते हुए कुंआ में गिरे हुए व्यक्ति सकुशल बाहर निकाला गया था। पीआरवी 5494 के कर्मचारीगण कमाण्डर हे0का0 मनोज कुमार, सब कमाण्डर हे0का0 ब्रह्मानन्द, पायलट होमगार्ड चालक पवन कुमार पाण्डेय के त्वरित रिस्पांस/सेवाभाव हेतु पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह द्वारा रेस्क्यू टीम को उत्साहवर्धन हेतु नकद पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

## अपहरण के दो वांछित आरोपी गिरफ्तार





**सबसे तेज प्रयागराज**
**बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर अपहरण के वांछित से चल रहे दो आरोपी को गिरफ्तार पर पुलिस ने लिखा पढ़ी किया।
थाना असन्द्रा पुलिस टीम द्वारा वांछित अभियुक्त लवकुश वर्मा पुत्र रामकेतार निवासी ग्राम सड़वा भेलू थाना असन्द्रा जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया।
थाना मो0पुर खाला पुलिस टीम द्वारा वांछित अभियुक्त लालजी यादव उर्फ राजा पुत्र जगमोहन यादव उर्फ कल्लू निवासी लाईन थाना रामनगर जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया।

## खोए हुए मोबाइल को CEIR पोर्टल के माध्यम से बरामद किया गया

**सबसे तेज प्रयागराज**
**बाराबंकी। आवेद**क शशांक यादव पुत्र शशि प्रकाश यादव निवासी कलिगदा पोस्ट बेलघाट जनपद बस्ती द्वारा अपना मोबाइल गुम हो जाने के सम्बन्ध में उएक्क्र पोर्टल पर शिकायत दर्ज करायी गयी थी, उक्त शिकायत पर त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना रामनगर पुलिस द्वारा गुरुवार को मोबाइल फोन बरामद कर आवेदक के सुपुर्द किया गया।



## उत्तर प्रदेश सरकार के बजट में युवाओं के लिए कुछ नहीं-- गौरव पांडेय

**ब्यूरो चीफ**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशाम्बी। जिला** कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष गौरव पांडे ने उत्तर प्रदेश सरकार के बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट उत्तर प्रदेश की गरीब कमजोर जनता के हित में नहीं है बेरोजगारी से युवाओं को निजात दिलाने महंगाई से मुक्ति दिलाने और उत्तर प्रदेश के विकास के पथ पर ले जाने की चर्चा इस बजट में नहीं की गई है जिससे यह बजट आम जनता विरोधी है समाजवादी पार्टी सहित अन्य पार्टी के नेताओं ने भी उत्तर प्रदेश सरकार के बजट की निंदा की है और जन विरोधी बताया है।



जिला अध्यक्ष गौरव पांडे ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने जो बजट पेश किया है वह बजट कहीं प्रदेश के हित में नहीं है !जिस प्रकार इस बजट में बेरोजगारी, महंगाई एवं प्रदेश की विकास की चर्चा नहीं की गई है जब तक महंगाई और बेरोजगारी की बात नहीं की जाएगी तब तक उत्तर प्रदेश का विकास नहीं हो सकता है!! सरकार को इस पर विचार विमर्श करना पड़ेगा इस बजट का हम पूर्णता विरोध करते हैं।

## डीएम एसपी ने यातायात व्यवस्था संभाली, सुचारू रूप से कराया संचालित

**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी। महाकुम्भ**-2025 के अवसर पर यातायात/सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा जिलाधिकारी कौशाम्बी मधुसूदन हुल्गी के साथ थाना कोखराज अंतर्गत डायवर्जन प्वाइंट पर यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित कराई जा रही है। इस दौरान ड्यूटी में मौजूद पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जनपद में श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन में कोई बाधा नहीं है।





## महिलाओं को 1090 व 1076 के बारे में किया जागरूक

**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर ।** पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देशन में जनपद के सभी थानों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा, चौराहों, स्कूलों/कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर एण्टी रोमियो टीम द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, कन्या सुमंगला योजना आदि तथा सहायतार्थ उपलब्ध कराये गये विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी०एम० हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साईबर क्राईम हेल्प लाईन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया ।



## आपस में मिल जुल कर त्यौहार मनाने,सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने एवं त्यौहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील




**हनुमान प्रसाद शुक्ल**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी । जिलाधिकारी कार्यालय स्थित सम्राट उदयन सभागार पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश** कुमार श्रीवास्तव एवं जिलाधिकारी कौशाम्बी मधुसूदन हुल्गी द्वारा आगामी त्यौहारों महाशिवरात्रि, होलिका दहन, होली, शीतलाष्टमी व रमजान आदि को सकुशल संपन्न कराने हेतु जनपद स्तरीय शांति समिति (पीस कमेटी) की बैठक की गई एवं त्यौहारों को शांतिपूर्ण ढंग से सकुशल संपन्न कराने के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण बिंदुओं पर वार्ता की गई। मीटिंग में आए हुए सम्मानित व्यक्तियों से भी सुझाव लिया गया। मीटिंग के दौरान जनपद के समस्त नागरिकों से आपस में मिल जुल कर त्यौहार मनाने,सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने एवं त्यौहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की गई एवं सम्बन्धित अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।
इस दौरान अपर जिलाधिकारी कौशाम्बी, अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार सिंह, समस्त उपजिलाधिकारी एवं समस्त क्षेत्राधिकारी अभिषेक सिंह, अवधेश कुमार विश्वकर्मा, शिवांक सिंह सहित अन्य पुलिस/प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारीगण तथा जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए सम्भ्रांत व्यक्तिय एवं धर्मगुरू मौजूद रहे।

## वांछित अभियुक्ता को किया गया गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर। पुलिस अ**धीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को थाना गाजीपुर पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्ता रजनी पुत्री अशोक निवासी ग्राम जमलामऊ थाना असोथर जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया ।



## जायजा लेने के बाद मास्क का वितरण

**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज। मह**ाकुम्भ में श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन व जनपद की सुचारू यातायात व्यवस्था के लिए पुलिस उपायुक्त नगर अभिषेक भारती द्वारा भ्रमणशील रहकर नगर क्षेत्र के प्रमुख मार्गों, विभिन्न पार्किंग एरिया, चौराहों, डाइवर्जन बैरिकेडिंग प्वाइंट्स का निरीक्षण कर यातायात व्यवस्था का जायजा लिया गया। ड्रोन कैमरों के माध्यम से सतत निगरानी करते हुए सुचारु आवागमन सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। पुलिस उपायुक्त नगर द्वारा निरीक्षण के दौरान ड्यूटी प्वाइंट्स पर मौजूद पुलिस, केंद्रीय सुरक्षा बल के अधिकारियों, कर्मचारियों के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए मास्क वितरित किए गए।



## चोरी की घटना में चार अभियुक्त चोरी के माल सहित गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के वि**रूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सराय अकिल थाना क्षेत्र के कनैली चौकी इंचार्ज उ०नि० दिलीप कुमार सिंह मय हमराह पुलिस बल के साथ क्षेत्र में गस्त एवं वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर खास की सूचना पर चोरी से सम्बन्धित से चार अभियुक्तों को चार पहिया वाहन सहित रकसराई पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। वाहन की जमातलाशी लेने पर 77 अदद चोरी के घण्टा/घण्टी, 02 अदद कटर व 4600 रुपये बरामद हुआ। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि दो दिन पूर्व थाना सराय अकिल अन्तर्गत ग्राम जुगराजपुर स्थित देवस्थान से तथा दो माह पूर्व थाना सैनी अन्तर्गत ग्राम शाखा में बुढवा बाबा मन्दिर एवं थाना पश्चिम शरीरा अन्तर्गत पूरब शरीरा से झारखण्डी मन्दिर में चोरी की घटना को अन्जाम दिया था। बरामद वाहन को धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया तथा गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेजा गया। उदय भान पासी पुत्र हरिमोहन पासी निवासी केशवापुर थाना मंझनपुर, चन्द्रभान उर्फ सूरजभान पासी पुत्र हरिमोहन पासी निवासी केशवापुर थाना मंझनपुर, राजाराम पासी पुत्र स्व० सीताराम निवासी रघुनाथपुर थाना सैनी एवं सुनील कुमार सरोज उर्फ आ०डी०एक्स० पुत्र स्व० खेलावन निवासी अहमदपुर कुसुम्भा कस्बा व थाना धाता जनपद फतेहपुर उपरोक्त सभी अभियुक्तगण चोरी की घटना में शामिल रहे हैं।




## आगजनी की घटना के 3 अभियुक्त गिरफ्तार




**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी। जनप**द में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना संदीपनघाट पुलिस उ०नि० अनुराग सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर 3 वांछित अभियुक्तों राम विशाल पुत्र स्व० बंशीलाल . दयाराम पुत्र राम विशाल, गंगाराम पुत्र राम विशाल निवासीगण कशिया पूर्व थाना संदीपनघाट जनपद कौशाम्बी को सरवर अजीज के ट्यूबवेल के पास से गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को मा० न्यायालय भेजा जा रहा है।

## अवैध शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी। थाना कड़ा**धाम पुलिस उ०नि० रणजीत सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त मन्नू पुत्र महादेव निवासी गोविन्दपुर मजरा ताजमल्लाहन थाना कड़ाधाम जनपद कौशाम्बी को 30 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त का चालान माननीय न्यायालय किया गया।

## वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशांबी**। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो पहिया/चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 81 वाहनों का ई-चालान किया गया।

## हत्या का प्रयास करने वाले अभियुक्त गिरफ्तार



**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी। जनपद में** अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना संदीपनघाट पुलिस उ०नि० शिवशंकर पाण्डेय मय हमराह पुलिस बल द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर वांछित अभियुक्त शमीम अहमद मंसूरी पुत्र लल्लन नि० ग्राम बसेढ़ी थाना संदीपनघाट जनपद कौशाम्बी को ग्रीन सिटी रोड ग्राम मलाक मोहिउद्दीनपुर के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की निशा देही पर घटना में प्रयुक्त 01 अदद देशी तमंचा 315 बोर व 01 अदद खोखा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया।

## सुल्तानपुर घोष पुलिस द्वारा 8 वांछित को किया गिरफ्तार




**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर । पुलिस** अधीक्षक द्वारा चलाये जा रहे अभियान अपराध नियंत्रण एवं वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी खागा के निकट पर्वेक्षण में गुरुवार को थाना सुल्तानपुर घोष जनपद फतेहपुर की पुलिस टीम के द्वारा आब्दी पेट्रोल पम्प पर मोटर साइकिल में पेट्रोल डलवाकर पैसा क्यूआर स्कैन कराने की बात को लेकर आपस में मारपीट, गाली गलौज, जान से मारने की धमकी देने के कुल 8 वांछित अभियुक्त सरफराज पुत्र इकबाल अहमद, आजम शेख पुत्र शहीद अहमद निवासीगण आरामपुर बसई, थाना-सु0घोष, फतेहपुर व 3. मो0 तबरेज पुत्र शहीद निवासी सलेमपुर डिहवा थाना थरियांव जनपद फतेहपुर . अनवर अली पुत्र नवाब अली निवासी आरामपुर बसई थाना सुल्तानपुर घोष जनपद फतेहपुर ,राजेश पुत्र राधेश्याम निवासी लखमीपुर ढ/र हथगाम, फतेहपुर, सागर यादव पुत्र फूल सिंह निवासी ग्राम मुंगरी कड़ा थाना पइंसा जनपद कौशाम्बी . सत्यार्थ गुप्ता पुत्र महेन्द्र कुमार निवासी कनकपुर थाना हथगांव फतेहपुर . लवलेश उम्र करीब 30 वर्ष पुत्र जागेश्वर निवासी ग्राम सरायंसाबा थाना हथगांव जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार किया।
***गिरफ्तार करने वाली टीम**
राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी, थानाध्यक्ष थाना सुल्तानपुर घोष,
व0उ0नि0 जयप्रकाश सिंह, थाना सुल्तानपुर घोष जनपद फतेहपुर ।

## जेल के निरीक्षण में डीएम व एसपी को मिला सब ओके



**स्वाती मिश्रा**
**सबसे तेज**
**कौशांबी। जिला**धिकारी मधुसूदन हुल्गी ने पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के साथ बृहस्पतिवार को जिला कारागार का मासिक निरीक्षण किया। अफसरों ने महिला-पुरुष बैरक के साथ मेस, कंप्यूटर कक्ष, प्रशिक्षण कक्ष, कार्यालय आदि का निरीक्षण किया। बंदियों-कैदियों से बातचीत कर समस्याओं की जानकारी ली। जेल अधीक्षक से उत्तम चरित्र वाले बंदियों-कैदियों की जानकारी ली। बैरकों की बारीकी से तलाशी कराई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कोई भी अनधिकृत गतिविधि या प्रतिबंधित सामग्री नहीं मिली है।

## पुलिस के प्रयास से पति-पत्नी साथ रहने को हुए राजी

**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी। पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में परिवार परामर्श कें**द्र टीम द्वारा 01 फाइल में पति-पत्नी व उनके परिजनों की सहमति से सुलह समझौता किया गया । दोनों पक्षों की परिवार परामर्श केंद्र द्वारा पति-पत्नी को उनके जीवन की पारिवारिक कर्तव्य को बताते हुए समझाया गया। पति-पत्नी द्वारा बताया गया कि अब हम दोनों के बीच किसी प्रकार का कोई मनमुटाव नहीं रह गया है। दोनों अपनी खुद की सहमति से सुलह समझौता करना चाहते हैं । परिवार परामर्श केंद्र द्वारा पति-पत्नी की सुलह समझौता कराया गया। दोनों पक्षों द्वारा व्यक्त किया गया, कि अब हम दोनो एक दूसरे के साथ प्रेम पूर्वक अपना जीवन यापन करेंगे । परिवार परामर्श केंद्र द्वारा दोनों पक्षों को सलाह दी गयी कि अपने बड़ों का सम्मान करते हुए अपने जीवन की नई शुरूआत करें।



# सनातन का महासमुद्र है प्रयागराज में आयोजित महाकुम्भ: गिरिराज सिंह

केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने गुरुवार को महाकुम्भ मेला क्षेत्र पहुंचकर त्रिवेणी संगम में लगाई पवित्र डुबकी

सबसे तेज प्रयागराज



प्रयागराज। महाकुम्भ-2025 के अंतर्गत बृहस्पतिवार को केंद्रिय कपड़ा मंत्री और बिहार के बेगूसराय से भाजपा सांसद गिरिराज सिंह ने तीर्थराज प्रयागराज के त्रिवेणी संगम में स्नान करके खुद को धन्य माना। उन्होंने महाकुम्भ को सनातनी आस्था का महासमुद्र करार दिया। महाकुम्भ के सफल आयोजन को लेकर गिरिराज सिंह ने पीएम मोदी, सीएम योगी तथा स्थानीय प्रशासन का धन्यवाद दिया। स्नान के दौरान हुई अनुभूति को दिव्य बताते हुए उन्होंने त्रिवेणी संगम में स्नान कर खुद को सौभाग्यशाली माना। वहीं, भाजपा विधायक रेखा गुप्ता के दिल्ली के सीएम पद की शपथ लेने पर भी उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की और शुभकामनाएं दी।

केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह प्रयागराज एयरपोर्ट से अरैल घाट पर बने वीआईपी डेक पहुंचे जहां त्रिवेणी संगम में उन्होंने स्नान किया। स्नान के उपरांत उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रयागराज सनातन धर्म का सागर है।

अब तक 60 करोड़ लोग यहां पवित्र डुबकी लगा चुके हैं। यहां की व्यवस्थाएं और साफ-सफाई बेहतरीन है। मेरा मानना है कि दुनिया में इससे बड़ा समागम कहीं नहीं हो सकता। इसके लिए मैं योगी जी और मोदी जी का आभार व्यक्त करता हूं। इसके बाद, सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म्स पर तस्वीरें साझा करते हुए उन्होंने लिखा कि कुंभ एक महा उत्सव ही नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति की दिव्य धारा है, जहाँ आस्था, श्रद्धा और अध्यात्म का पवित्र संगम होता है। पुण्य सलिला गंगा में डुबकी लगाने मात्र से हृदय निर्मल हो जाता है और मोक्ष की अनुभूति होती है। इस पावन अवसर पर कुम्भ स्नान का सौभाग्य प्राप्त हुआ, मन आनंदित है, आत्मा तृप्त है, हर हर गंगे

भाजपा विधायक रेखा गुप्ता के दिल्ली के सीएम पद की शपथ लेने पर उन्होंने कहा कि यह खुशी का अवसर है और महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वहीं, सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म पर एक अन्य पोस्ट में उन्होंने लिखा कि प्रयागराज महाकुम्भ मेला क्षेत्र में युवा चेतना के राष्ट्रीय संयोजक रोहित कुमार सिंह द्वारा आयोजित बौद्धिक संवाद का उद्घाटन स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी के साथ किया। स्वामी सर्वेश्वरानंद सरस्वती, मनीष कश्यप सहित देश भर से आए लोगों के साथ संवाद किया। बिहार निवासी रोहित कुमार सिंह के द्वारा पिछले 42 दिनों से लगातार कुंभ मेला क्षेत्र में देश-दुनिया से आए श्रद्धालुओं के बीच अद्भुत सेवा कार्य किया गया।

## महाकुम्भ में गूंजा देशभक्ति का जयघोष, पूर्व सैनिकों और वीर नारियों का हुआ सम्मान

### महाकुम्भ 2025 में पूर्व सैनिकों और वीर नारियों का सम्मान कर देशभक्ति की भावना को प्रबल किया गया

### कारगिल युद्ध में शहीद हुए 10 सैनिकों की पत्नियों और 11 पूर्व सैनिकों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया

सबसे तेज प्रयागराज

**प्रयागराज। महाकुम्भ** 2025 के पावन अवसर पर प्रयागराज के सेक्टर 7 में समाज कल्याण विभाग के पांडाल के ऑडिटोरियम में गुरुवार को पूर्व सैनिकों और वीर नारियों को सम्मानित किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य सेना के प्रति आम जनता में जागरूकता, सम्मान और समर्पण की भावना विकसित करना है और पूर्व सैनिकों के कल्याण और उनके पुनर्वास को लेकर जागरूकता फैलाना भी है। समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने कहा, कुंभ सिर्फ आस्था का ही नहीं बल्कि विचारों के आदान प्रदान का भी संगम है।

समाज कल्याण विभाग के सहयोग से आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में कारगिल युद्ध में शहीद हुए 10 वीर सैनिकों की पत्नियों को सम्मानित किया गया, जो अपने परिजनों की शहादत के बावजूद राष्ट्र के प्रति समर्पित हैं। इसके अलावा, 11 पूर्व सैनिकों को भी उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों ने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि किस प्रकार कठिन परिस्थितियों में सेना देश की रक्षा करती है। समाज कल्याण विभाग द्वारा महाकुम्भ में निराश्रित वृद्धजनों के लिए 100 बेड का एक अस्थाई वृद्धाश्रम भी बनाया गया है, जहां प्रदेश भर से बुजुर्गों को लाकर संगम स्नान कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त बुजुर्गों को सुनने की मशीन, छड़ी, कमर के लिए बेल्ट आदि उपकरण भी प्रदान किया जा रहा है।

कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों के कल्याण, उनके पुनर्वास और उनके परिवारों को मिलने वाली सुविधाओं पर भी चर्चा की गई। इस आयोजन में कर्नल एके मिश्रा, रजत बंबानी, अमित सिंह और अनिल भार्गव प्रमुख रहे। इसके अलावा, वारंट ऑफिसर श्रीराम शिवहरे, टीपी वर्मा, पीबी सिंह, प्रमोद शुक्ला, डीबी सिंह, सूबेदार संजीव चौरसिया और मदन वर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## अक्षय पुण्य के लिए 26 तक करें स्नान : स्वामी शांडिल्य महराज



सबसे तेज प्रयागराज

**महाकुंभ नगर।श्रृंगवेर**पुर धाम के जगद्गुरु नारायणाचार्य स्वामी शांडिल्य महराज का कहना है कि महाकुंभ के अक्षय पुण्य का स्नान गंगा, संगम में 26 फरवरी महाशिवरात्रि तक रहेगा, इस दौरान श्रद्धालु किसी भी समय स्नान कर अक्षय पुण्य प्राप्त कर सकते है। उन्होंने बताया कि इस दौरान श्रद्धालु अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा पर ध्यान जरूर दें। उन्होंने कहा कि गंगा और संगम स्नान के बाद विधि विधान से पूजन कर दान करना चाहिए इससे अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। महाकुंभ के 39 वें दिन लाखों श्रद्धालुओं के गंगा, संगम में दिन, रात अक्षय पुण्य के लिए डुबकी लगाने का सिलसिला जारी है इससे मेला क्षेत्र में भारी भीड़ बनी हुई है। गंगा और संगम के आसपास के 25 किमी दूर तक लाखों श्रद्धालुओं के स्नान के लिए आने का सिलसिला जारी है। महाकुंभ मेला प्रशासन और पुलिस श्रद्धालुओं के सुरक्षित स्नान के लिए शहर से लेकर मेला क्षेत्र तक सतर्क है जिससे कि कोई गड़बड़ी न होने पाएं। गंगा के दर्जनभर और संगम के स्नान घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ स्नान कर रही है। यह भीड़ दिन-रात स्नान कर रही है। गुरूवार की शाम तक सवा करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया है जबकि महाकुंभ के 39 वें दिन साढ़े **57 करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया है।**

## एयरपोर्ट पुलिस द्वारा 2 अभियुक्त गिरफ्तार

सबसे तेज प्रयागराज




**प्रयागराज। एयरपोर्ट** पुलिस वांछित आरोपियों की तलाश में मुखबिर की सूचना पर दो आरोपी को गिरफ्तार कर लिखा पड़ी किया।

प्रभारी निरीक्षक एयरपोर्ट अरुण कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्र में वांछित वारंटी की तलाश में मुखबिर की सूचना पर 2 वांछित अभियुक्तों रुद्र कुमार मिश्रा पुत्र स्व0 प्रेमचन्द्र मिश्रा निवासी कोल्हुआ पेड़ी थाना कौधियारा जनपद प्रयागराज व विपिन कुमार मिश्रा उर्फ टिंकल मिश्रा पुत्र स्व0 गिरजाशंकर मिश्रा निवासी तिलकवार थाना करछना जनपद प्रयागराज को एयरपोर्ट परिसर के अन्दर पार्किंग से थाना क्षेत्र एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया गया । नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी ।

## किरायेदार की नाबालिक बेटी से दुष्कर्म का प्रयास

### तहरीर मिलने के बाद पड़ताल मे जुटी पुलिस




**लालगोपालगंज प्रयागराज । नवाबगंज थाना क्षेत्र** मे एक नाबालिक से दुष्कर्म के प्रयास का मामला प्रकाश मे आया है तहरीर मिलने के बाद पुलिस जाच मे जुट गई है फिलहाल आरोपी पुलिस के पकड़ से दूर है दानियालपुर निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर देते हुये बताया की वह मोहल्ले मे ही किराए के मकान मे परचून की दुकान खोल रखी है इसी के साथ वह कबाड़ की दुकान मे पन्नी छटाई का काम करने जाती उसके न रहने पर उसकी नाबालिक बेटी दुकान पर रहती है मंगलवार को उसकी नाबालिक बेटी दुकान पर बैठी थी तभी पड़ोष मे रहने वाला मकान मालिक का भाई दुकान के अंदर घुस आया दुकान मे बैठी नाबालिक से छेड़खानी करते हुये उसके साथ दुष्कर्म करने की नियत से उसे छत की तरफ घसीटने लगा जब किशोरी ने शोर मचाया तो आरोपी उसे छोड़कर भाग निकला शाम को काम से लौटी माँ से नाबालिक ने आपबीती बताई तो वह सन्न रह गई पीड़ित माँ की तहरीर पर पुलिस ने जाच पड़ताल सुरू कर दिया ।

## फूलपुर में अधिवक्ता संघ द्वारा आज विरोध दिवस मनाया जायेगा

सबसे तेज प्रयागराज

**फूलपुर। राज्य** विधिक परिषद के अध्यक्ष शिव किशोर गौड़ एवं उपाध्यक्ष अनुराग पांडेय के दिनांक 19 फरवरी 2025 जिसमें अधिवक्ता संशोधन अधिनियम 2025 के विरोध में दिनांक 21 फरवरी 2025 दिन शुक्रवार को अधिवक्ता संघ फूलपुर विरोध दिवस के रूप में काली पट्टी बांधकर अपना विरोध दर्ज करायेंगे, साथ ही 25 फरवरी को उप निबंधक कार्यालय का घेराव कर कार्य का बहिष्कार करेंगे। तहसील परिसर में सभी टाइपिस्टों तथा बैनामा लेखकों को इस दौरान निबंध प्रलेख की अनुमती नहीं होगी। अधिवक्ता गण इस दौरान न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। उक्त सूचना शिवपूजन तिवारी एडवोकेट अध्यक्ष अधिवक्ता संघ फूलपुर, उमाकांत अवस्थी उपाध्यक्ष, देवेश कुमार यादव महामंत्री का हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन जिलाधिकारी प्रयागराज उपजिला अधिकारी फूलपुर के नाम जारी किया गया।

## विद्युत उपकेंद्र फूलपुर ग्रामीण में कार्य प्रगति पर होने से बाधित रहेगी

सबसे तेज प्रयागराज

**फूलपुर। फूलपुर 33**/ 11 केवीए विद्युत उपकेंद्र फूलपुर के ग्रामीण फीडर मैलहन ,प्रतापपुर ,बादशाहपुर, जलालपुर आदि पर रीकंडक्टरिगं कार्य प्रगति पर चल रहा है। जो फरवरी 22 तक सायं 5 बजे तक बढ़ा दिया गया है। संबंधित क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों को किसी असुविधा से बचने हेतु उपखंड अधिकारी विद्युत अमन सिंह द्वारा विज्ञप्ति जारी की गई है।

## आज स्वच्छताग्राहियों को सम्मानित करेगा भूरा मठ

### बीस दिसम्बर से अनवरत चल रहा अन्नक्षेत्र



सबसे तेज प्रयागराज

**प्रयागराज। सेक्टर-१८** में हरिश्चन्द्र मार्ग स्थित श्री स्वामी डूंग जी महाराज संस्थान (भूरा मठ अन्नक्षेत्र) में शुक्रवार को ४०० स्वच्छताग्राहियों को महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। साथ ही उन्हें वस्त्रदान किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष विद्यामार्तंड अरविंद स्वामी ने बताया कि २० दिसम्बर २०२४ से २६ फरवरी २०२५ तक अनवरत अखंड अन्नक्षेत्र (भंडारा) चलता रहेगा। अन्नक्षेत्र शिविर द्वारा अब तक लगभग १५ लाख श्रद्धालुओं और संतों को अन्नदान व वस्त्रदान किया जा चुका है। अरविंद स्वामी ने बताया कि १३१ वर्षों से तीर्थराज प्रयाग में संस्था अन्नदान शिविर लगाती आ रही है। उन्होंने बताया कि श्री स्वामी डूंग जी महराज संस्थान भूरा मठ अन्न क्षेत्र में भागवत कथा, प्रवचन सहित हवन, यज्ञ आदि धार्मिक कार्य किये जा चुके हैं। यहां कोई भूखा न रहे इसके लिए अन्न क्षेत्र अनवरत चल रहा है। सेक्टर १८ में अब इकलौते चल रहे अन्न क्षेत्र में प्रतिदिन हजारों संत-महात्मा, श्रद्धालु, श्रमिक, स्वच्छताग्राही प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं।

## भगवान शिव का अर्द्ध नारीश्वर रूप देख झुके शीश

### रैनबो ग्रुप कोलकाता की ओर से किन्नर अखाड़ा में चल रही धार्मिक प्रस्तुति

सबसे तेज प्रयागराज



**महाकुंभ नगर। कोल**काता के प्रसिद्ध रैंनबो ग्रुप की ओर से महाकुंभ के सेक्टर -16 किन्नर अखाड़ा में धार्मिक प्रस्तुतियां चल रही है। गुरूवार को भगवान अर्द्ध नारीश्वर की उत्पत्ति होते ही आसमान में जयकारे लगने लगे, सभी देवी - देवता भगवान अर्द्ध नारीश्वर पर पुष्प वर्षा करने लगे। भृगु रिषी का माता पार्वती से विवाद हो गया , जब मामले की जानकारी भगवान शिव को हुई तो उन्होंने समस्या के समाधान और सनातन समाज को नयी दिशा देने के लिए भगवान अर्द्ध नारीश्वर का स्वरूप धारण कर समाज को एक नयी दिशा दिया और सनातन धर्म में भगवान अर्द्ध नारीश्वर का पूजन होने लगा। भगवान अर्द्ध नारीश्वर की भूमिका में रात्रि, पार्वती - अनिका चौधरी, महादेव - आकाश , नंदी - सप्रत दास, भृगु रिषी - निर्वाध अधिकारी की भूमिका में थे। रैन बो ग्रुप की रात्रि ने बताया कि संस्था आठ वर्ष पूर्व गठित की गयी थी जो हिन्दी, बंगाली में प्रस्तुतियां करता है। अभी तक कोलकाता, दिल्ली, राजस्थान, महाराष्ट्र, बंगलुरु, चेन्नई सहित देश के अन्य प्रदेशों और प्रमुख शहरों एवं? बंग्लादेश में प्रस्तुतियां दी है। रात्रि ने बताया कि किन्नर अखाड़ा में 22 फरवरी तक कार्यक्रम चलता रहेगा।

## राष्ट्रीय चित्रकला प्रदर्शनी 'दृष्टिकोण' का उद्घाटन



सबसे तेज प्रयागराज

**प्रयागराज। खानम आर्ट** गैलरी में 'दृष्टिकोण' राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन संयुक्त रूप से मुख्य अतिथि पद्मश्री पूर्व प्रो. श्याम बिहारी अग्रवाल ने किया। अध्यक्षता प्रो. संतोष भदौरिया (इविवि) ने किया। इस मौके पर पूर्व प्रो. श्याम बिहारी अग्रवाल को भारत सरकार द्वारा पद्मश्री सम्मान दिए जाने पर गैलरी की तरफ से 'कला श्रेष्ठ' सम्मान देकर सम्मानित किया। प्रो. संतोष भदौरिया ने कहा कला न सिर्फ लोगों को जोड़ने का काम करती है, बल्कि इंसान भी बनाती है। पद्मश्री प्रो. श्याम बिहारी अग्रवाल ने कहा कला विहीन मनुष्य पशु समान है।

विशिष्ट अतिथियों में डॉ एसोसिएट. प्रो. सिद्दीका जाबिर, कलाकार रवींद्र कुशवाहा सदस्य राज्य ललित कला अकादमी संस्कृति विभाग उ. प्र., एमिनेंट आर्टिस्ट तलत महमूद रहे। अतिथियों का स्वागत सम्मान बुके, प्रशस्ति पत्र एवं बैच लगाकर किया गया। प्रदर्शनी के आमंत्रित कलाकारों में प्रो. सचिन सैनी, कासिम फारुकी, राजेंद्र भारती, शारदा सिंह, डॉ. कावेरी विज, राम रघुबीर मिश्रा के अलावा तीस कलाकार सफूरा रेशाद, निदा अंसारी, जकरिया नसीम, सबा नसीम, तूंबा फातिमा, अनिरुद्ध शर्मा आदि ने प्रतिभाग किया। असरार गांधी, पूर्व प्रधानाचार्य अहमद हसनैन वरिष्ठ कलाकार एवं प्रधानाचार्य नागेंद्र श्रीवास्तव आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे। यह प्रदर्शनी 24 फरवरी तक चलेगी।

## चोरी के 2 अभियुक्त गिरफ्तार कब्जे से चोरी किया ई0-रिक्शा बरामद




सबसे तेज प्रयागराज

**प्रयागराज। डीसी**पी नगर अभिषेक भारती के निर्देश पर पुरामुफ्ती पुलिस चोरी के आरोपियों की तलाश में मुखबिर दो चोरों को गिरफ्तार कर ई रिक्शा बरामद करते हुए जेल भेज दिया।

थानाध्यक्ष पुरामुफ्ती मनोज कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्र में चोरी लूट के आरोपी की तलाश में चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर 2 अभियुक्तों नौसाद पुत्र मुस्तकीम निवासी बमरौली थाना पूरामुफ्ती जनपद प्रयागराज व भानू पुत्र किशुन निवासी विष्णापुरी कालोनी बमरौली को टिकुरी मोड़ बमरौली थाना क्षेत्र पूरामुफ्ती से गिरफ्तार किया गया व उनके कब्जे से चोरी किया गया 01 ई0-रिक्शा बरामद किया गया ।

## अफसरों ने सुगम यातायात एवं सुरक्षा का निरीक्षण कर दिए निर्देश







सबसे तेज प्रयागराज

**प्रयागराज। महाकुम्भ के दृष्टिगत पुलिस आयुक्त प्रयागराज तरुण गाबा, मण्डलायुक्त प्रयागराज** विजय विश्वास पंत एवं अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कुम्भ प्रयागराज अजय पाल शर्मा द्वारा श्रद्धालु स्नानार्थियों के सुरक्षित एवं सुगम आवागमन हेतु इंटीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर से यातायात व सुरक्षा व्यवस्था का अवलोकन किया गया। महाकुम्भ मेला के प्रमुख मार्गो, चौराहों व प्रमुख स्थानों का भ्रमण कर पुलिस प्रबन्धन, यातायात व्यवस्था का निरीक्षण कर सर्वसम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

## कलाग्राम में कथक की बिखेरी छटा, सदानंद ने दी भावपूर्ण प्रस्तुति



सबसे तेज प्रयागराज

**प्रयागराज। भव्य महा**कुंभ में संगीत और आध्यात्म का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्थापित सांस्कृतिक गांव कलाग्राम में एक ही मंच पर विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक झलक देखने को मिल रही है। मेले में आए हुए श्रद्धालु प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का लुफ्त उठा रहे हैं। आज सांस्कृतिक संध्या में कलाकारों ने बेहतरीन प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को रोमांचित किया। गुरुवार की सांस्कृतिक संध्या बनारस घराने के कथक नर्तक सदानंद विश्वास के नाम रही। उनकी प्रस्तुति में कथक की पारंपरिक गत, चक्रदार तिहाई, तटकार और भावपूर्ण अभिनय का अद्भुत समन्वय देखने को मिला। उनके द्वारा प्रस्तुत खासकर ह्यशिव तांडवह्ण और ह्यगंगा स्तुतिह्ण ने महाकुंभ के आध्यात्मिक माहौल को दिव्यता प्रदान की। कार्यक्रम की शुरूआत कर्नाटक के कार्डिम जलू नृत्य से हुई। अगली प्रस्तुति असम के कलाकारों द्वारा गोवर्धन व दशा अवतार नृत्य की दी गई। इसके बाद गुजरात का मेवासी, त्रिपुरा का लेबांग, जम्मू का डोंगरी, अरुणाचल प्रदेश का टापू और रिखमपाड़ा नृत्य की प्रस्तुति दी गई। अयोध्या से आए कलाकारों ने फरवाही नृत्य की प्रस्तुति देकर दर्शकों से खूब तालियां बटोरी। मंच का संचालन संजय पुरषार्थी ने किया। इस अवसर पर काफी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

## बैंक ऑफ बड़ौदा नवाबगंज ने किया 'खेल'

### हद कर दी! किसान का खेत गिरवी रखकर दूसरे को दे दिया तीन लाख का कर्ज

सबसे तेज प्रयागराज

**प्रयागराज। एक** तरफ मोदी - योगी की सरकार किसानों की बेहतरी के लिए एक से बढ़कर एक शानदार किसानों के लिए कल्याणकारी योजनाएं चला रहे हैं वहीं दूसरी तरफ कतिपय अफसर और कर्मचारी अपनी चाल से बाज नहीं आ रहे। उन्हें जेल जाने और नौकरी छिन जाने का भी खतरा नहीं है। ऐसा ही एक सनसनीखेज चौंकाने वाला मामला सामने आया है। बैंक प्रबंधक ने दो किसानों के खेत को गिरवी रखकर पड़ोसी गांव के रहने वाले व्यक्ति को तीन लाख रुपए का कर्ज दे दिया। यह सब बैंक प्रबंधक की मिलीभगत से हुआ। इन सबसे बेखबर किसान ने जब खेत की खतौनी निकलवाई तो असलियत का पता चला। बगैर कर्ज लिए ही बैंक के कर्जदार बने भुक्तभोगी दोनों किसान सगे भाई हैं और उनके खेत पर कर्ज लेने वाला पड़ोस के गांव का रहने वाला युवक है।

ताज्जुब यह कि भुक्तभोगी तीन साल से बैंक से लेकर अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के चौखट पर चक्कर लगाने को मजबूर है पर कहीं सुनवाई नहीं हो रही है। सोरांव तहसील के नवाबगंज क्षेत्र पथरियापुर गांव निवासी जगलाल और रमेशचंद्र सगे भाई निम्न मध्यम वर्गीय किसान हैं। उनके खेत को गिरवी रख टोडर का पूरा गांव के साधू यादव पुत्र बांकेलाल को 22 नवंबर 2022 को दो लाख अस्सी हजार रुपए का कर्ज दे दिया गया। जगलाल और रमेशचंद्र को असलियत पता चली तो उनके पांव तले जमीन खिसक गई। बैंक प्रबंधक से मिलकर वास्तविकता से अवगत कराया। आरोप है कि इसके बावजूद बैंक प्रबंधक द्वारा मामले को लगातार टरकाया जा रहा है।

## फूलपुर में एल्डर मतदाता सदस्यता फार्म वितरण शुरू

सबसे तेज प्रयागराज

**फूलपुर । एल्डर क**मेटी तहसील फूलपुर द्वारा मतदाता सदस्यता फॉर्म वितरण 19 फरवरी से शुरू कर दिया है। जिसको भरकर जमा करने की अंतिम तिथि 28 फरवरी 2025 तक रखी गई है, तथा भरे हुए फार्मो को जमा करने की भी अंतिम तिथि 28 फरवरी 2025 तक निर्धारित की गई है। उक्त सूचना अध्यक्ष एल्डर कमेटी भारत लाल द्वारा प्रेस को जारी की गई है।

संपादक की कलम से

## आखिर भारत का 'असली' दुश्मन कौन?

जब ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा दलील देते हैं कि भारत को चीन को अपना दुश्मन नहीं मानना चाहिए, तो सवाल पैदा होता है कि आखिर इंडिया गठबंधन के मुख्य घटक समाजवादी पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष और तत्कालीन रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव ने चीन को भारत का दुश्मन नम्बर वन क्यों करार दिया था?

दरअसल, 1962 के भारत-चीन युद्ध से लेकर 2020 के गलवान घाटी हिंसक झड़प तक, क्रमशः उसके पहले या इसके बाद भारत को लेकर चीन के जो अंतर्राष्ट्रीय व्यवहार दिखते आए हैं, उससे तो यही प्रतीत होता है कि चीन भारत का मजबूत दुश्मन है। नेहरू-मोदी की मित्रता की भावना को उसने कुचला है। हालांकि अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों से पता चलता है कि भले ही ईसाईयत और इस्लाम से सम्भाव्य मुकाबले के लिए हिंदुत्व (भारत) को बुद्धत्व (चीन) की जरूरत पड़ेगी, लेकिन इसके लिए दोनों देशों को समझदारी भरी दूरदर्शिता दिखानी पड़ेगी, अन्यथा वैश्विक परिस्थितियों की धर्मांध चक्की में दोनों देश पिसे जाएंगे और युगों-युगों तक पछताएंगे।

इसलिए स्वाभाविक सवाल है कि भारत का असली दुश्मन कौन है? तो जवाब होगा कि भारत के कई दुश्मन हैं और इसके कारण भी अलग-अलग हैं। जहां तक राजनीतिक नजरिए और भौगोलिक सीमाओं का सवाल है तो चीन हमारा दुश्मन नम्बर वन है। वहीं, पाकिस्तान दुश्मन नम्बर 2, बंगलादेश दुश्मन नम्बर 3, नेपाल दुश्मन नम्बर 4, श्रीलंका दुश्मन नम्बर 5, मालदीव दुश्मन नम्बर 6, म्यामांर दुश्मन नम्बर 7, अफगानिस्तान दुश्मन नम्बर 8 और भूटान दुश्मन नम्बर 9 हैं। इन सबकी दांवपेंच भरी नीतियों से भारत किसी न किसी रूप में परेशान रहता है, क्योंकि अमेरिका, इंग्लैंड, जर्मनी, रूस और पश्चिमी देशों के शह पर ये भारत विरोधी नीतियों पर बहुधा अमल करते आए हैं।

इसे भी पढ़ें: 2012 के टङ्कव की कहानी, 183 करोड़ अमेरिका से भारत आए, मोदी से मिलने के बाद मस्क ने क्यों ले लिया बड़ा एक्शन
वहीं, सांस्कृतिक नजरिए से हिन्दू विरोधी होने के कारण कट्टर इस्लाम, ईसाई, सिख, बौद्ध आदि के आंतरिक गठजोड़ भी भारत के लिए आस्तीन के सांप जैसे हैं। क्योंकि पाकिस्तान, तुर्किये, ईरान आदि की शह पर कभी मुस्लिम देशों के संघ द्वारा, तो कभी ईसाई देशों के संघ द्वारा और इनके धर्मांध कारोबारियों द्वारा भारत के खिलाफ षड्यंत्र रचे जाते हैं। साथ ही जैसे भारतीय मूल वाले सिख धर्म से जुड़े विदेशी लोगों को कनाडा-यूएसए द्वारा, दलित बौद्धों को चीन द्वारा भड़काया जाता है, अलगाववाद को बढ़वाया जाता है, वह भी भारत के भविष्य से दुश्मनी जैसा ही है। क्योंकि इनको शह देने वाले मुल्क भारत के हिंदुओं की जातीय और क्षेत्रीय भावनाओं को भड़काकर न केवल धर्मांतरण करवाते हैं, बल्कि गृह युद्ध के बीज भी यत्र-तत्र-सर्वत्र बुनते रहते हैं। दलित-ओबीसी साहित्य, साम्प्रदायिक इतिहास को शह आदि इनके सांस्कृतिक औजार बन चुके हैं।

वहीं, अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति में गुटनिरपेक्षता, सत्य व अहिंसा से अभिप्रेरित वसुधैव कुटुंबकम, सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया जैसी उदात्त सोच से ग्लोबल साउथ मतलब तीसरी दुनिया के देशों के हितों की वकालत के चलते भी पश्चिमी राष्ट्र कनाडा, इंग्लैंड, जर्मनी, इटली आदि भारत से कभी प्रत्यक्ष और कभी परोक्ष शत्रुता रखते आए हैं।

हालांकि, कड़वा सच यह है कि भारत के असली शत्रु हमारे मूढ़ राजनेता हैं, जो 'महाभारत' काल से अभिप्रेरित सार्थक नीतियों को प्रश्रय देने तथा राष्ट्रवाद-हिंदूवाद को संरक्षित करने के बजाय पश्चिमी लोकतंत्र प्रेरित उस क्षुद्र धर्मनिरपेक्षता की वकालत करते आए हैं जो एक अंतर्राष्ट्रीय नैतिक महामारी समझी जाती है। चूंकि इसके सिद्धांत और व्यवहार में काफी अंतर दुनिया के देशों में पाया जाता है, इसलिए एशियाई संदर्भ में यह धर्मनिरपेक्षता भारत की प्राचीन सनातन संस्कृति को कुचलने का एक बौद्धिक हथियार समझी जाती है।

## क्या आप भी खाते हैं नींद की गोली, कैसे बिना दवा नींद को बेहतर करें?

आजकल अनिद्रा एक कॉमन समस्या है. बहुत से लोग नींद नहीं आने की शिकायत करते हैं. हाल ही में द नेचर जर्नल की स्टडी में यह बात सामने आई है कि भारत में 20 फीसदी लोग डॉक्टरों से नींद नहीं आने की शिकायत करते हैं. यहां तक कि ये लोग डॉक्टरों से नींद की दवा लिखने की पेशकश भी करते हैं. नींद नहीं आने के कई कारण हैं, जिसमें अत्यधिक व्यस्त कार्यक्रम, रात के समय काम करना और तनाव अधिक होना. इसके अलावा ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एप्निया (ओएसए) सबसे सामान्य नींद की समस्या है. लेकिन ये लोग यह नहीं समझ पाते कि यह कितना खतरनाक और जोखिम है.

अगर आप नींद की गोली का ज्यादा सेवन कर रहे हैं तो इसके साइड इफेक्ट भी हैं. इससे आपकी सेहत खराब हो सकती है. नींद की गोली खाने से कई लोगों को एलर्जी की समस्या हो सकती है. साथ ही दस्त या डायरिया की समस्या भी नींद की गोली के सेवन से हो सकती है. सिरदर्द या चक्कर आने की समस्या भी नींद की गोली खाने से होती है.

**मेमोरी लॉस की आशंका**

नींद की गोली का असर इतना खराब होता है कि अगर इसकी लत एक बार लग गई तो आप इसे जल्दी छोड़ नहीं सकते हैं. यह एक प्रकार का ड्रग है, जिसका बुरा असर हमारे शरीर पर पड़ता है और खासकर मेंटल हेल्थ पर नींद की गोली का बुरा असर होता है. जो लोग लंबे समय से नींद की गोली खाते हैं उनकी मेमोरी लॉस होने की संभावना अधिक होती है. इसके अलावा पेट में दर्द और मरोड़ की समस्या, हाथ व पैर में कंपन, पाचन तंत्र कमजोर होने जैसी समस्या भी हो सकती है.

**ओएसए वाले लोगों में नींद की अधिक कमी**

ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एप्निया (डरअ)एक विकार है, जिसमें नींद के दौरान खरार्टे आना, सांस लेने में बार-बार कठिनाई आती है. इसके कुछ कारणों में अधिक वजन और टॉन्सिल प्रमुख हैं. एक्सपर्ट्स की मानें तो ओएसए नींद के सामान्य विकारों में से एक है. ओएसए की वजह से ब्लड में ऑक्सीजन का स्तर घट जाता है और नींद में बाधा पड़ने से हृदय संबंधी बीमारी होने का जोखिम बढ़ सकता है. ओएसए से ग्रसित लोगों में हाई बीपी की भी शिकायत रहती है. यह विकार यह पुरुषों में कॉमन है और बुढ़ापे के साथ इसकी संभावना बढ़ जाती है. यह आनुवांशिक भी हो सकता है.

**क्या है लक्षण और कारण**

ऑब्सट्रक्टिव के संकेतों और लक्षणों में दिन में नींद आना, जोर से खरार्टे लेना, नींद के दौरान श्वास लेने में परेशानी, अचानक से जगना, गले में खराश, सुबह को सिरदर्द, अचानक मूड में बदलाव, बीपी, रात को पसीना आना समेत कई प्रमुख कारण हो सकते हैं.

**कैसे बिना दवा के नींद को करें बेहतर**

अगर हम अपने लाइफ स्टाइल में कुछ बदलाव कर ले तो निश्चित तौर पर बिना दवा लिए भी सो सकते हैं. इसके लिए अपने मन को मजबूत करना होगा और कुछ आदतों में सुधार लानी होगी. जैसे शराब, सिगरेट समेत धूमपान करने से बचना होगा. रात में सोने से पहले आइसक्रीम खाने से बचना होगा. डार्क चॉकलेट में कैफीन की मात्रा बहुत ज्यादा होती है।
, जो आपके शरीर को एकदम से बूस्ट अप कर देती हैं. ऐसे में डार्क चॉकलेट खाने से परहेज करना चाहिए।

# शिक्षा में स्मार्टफोन के प्रचलन से एकाग्रता एवं हेल्थ खतरे मे

-ललित



शिक्षा में तेजी से बढ़ते स्मार्टफोन के उपयोग और उसके घातक प्रभावों को लेकर दुनियाभर में हलचल है, बड़े शोध एवं अनुसंधान हो रहे हैं, जिनके निष्कर्षों एवं परिणाम को देखते हुए कड़े कदम भी उठाये जा रहे हैं। शोध एवं अध्ययनों के तथ्यों ने चौंकाया भी है एवं चिन्ता में भी डाला है। पाया गया कि जो छात्र अपने फोन के करीब रहकर पढ़ाई करते हैं, उन्हें ध्यान केंद्रित करने में बहुत मुश्किल होती है, भले ही वे इसका उपयोग न कर रहे हों। स्मार्टफोन के उपयोग से नींद की गुणवत्ता कम होने, तनाव बढ़ने, एकाग्रता बाधित होने, स्मृति लोप होने, अवांछित सामग्री का अधिक उपयोग करने, मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव पड़ने जैसे खतरे उभरें हैं। इन बढ़ते खतरों को देखते हुए दुनियाभर में कम से कम 79 शिक्षा प्रणालियों ने स्कूलों में स्मार्टफोन पर प्रतिबंध लगा दिया है। जिसे लेकर, कई देशों में बच्चों की शिक्षा और निजता पर इसके प्रभाव को लेकर बहस जारी है। ह्यसंयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठनह्व (यूनेस्को) की वैश्विक शिक्षा निगरानी (जीईएम) टीम के अनुसार, 60 शिक्षा प्रणालियों या वैश्विक स्तर पर पंजीकृत कुल शिक्षा प्रणालियों का 30 प्रतिशत ने विशेष कानूनों या नीतियों के माध्यम से 2023 के अंत तक स्कूलों में स्मार्टफोन पर प्रतिबंध लगा दिया है। भारत में अभी इस ओर कोई कदम नहीं उठाया गया है।

सर्वेक्षण के आंकड़े यह संकेत देते हैं कि डिजिटल शिक्षा और स्मार्टफोन के इस्तेमाल में बच्चों की भागीदारी तेजी से बढ़ रही है। यह बदलाव शिक्षा के क्षेत्र में नए अवसर पैदा कर रहा है, लेकिन साथ ही इसके साथ कई चुनौतियाँ भी हैं, डिजिटल शिक्षा को संतुलित और सुरक्षित बनाना आने वाले समय में एक प्रमुख चुनौती है। डिजिटल शिक्षा के बढ़ते प्रभाव के साथ, यह आवश्यक हो गया है कि स्मार्टफोन और इंटरनेट का सही, संयमपूर्ण और सुरक्षित उपयोग सुनिश्चित किया जाए ताकि बच्चों का विकास सही दिशा में एवं समग्रता से हो। निस्संदेह, शिक्षा के बाजारीकरण और नए शैक्षिक प्रयोगों में मोबाइल की अपेक्षाओं को महंगे स्कूलों ने स्टेटस सिंबल बना दिया है। लेकिन हालिया वैश्विक सर्वेक्षण बता रहे हैं कि पढ़ाई में अत्यधिक मोबाइल का प्रयोग विद्यार्थियों के लिये मानसिक व शारीरिक समस्याएं पैदा कर रहा है। सर्वविदित है कि विभिन्न ऑनलाइन शैक्षिक कार्यक्रमों के चलते छात्र-छात्राओं में मोबाइल फोन का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है। तमाम पब्लिक स्कूलों ने ऑनलाइन शिक्षा के लिए मोबाइल फोन का इस्तेमाल अनिवार्य तक बना दिया है। कमोबेश सरकारी स्कूलों में ऐसी बाध्यता नहीं है। लेकिन वैश्विक स्तर पर किए गए सर्वेक्षण से यह तथ्य सामने आया है कि स्मार्टफोन एक हद तक तो सीखने की प्रक्रिया में मददगार साबित हुआ है, लेकिन इसके नकारात्मक प्रभावों को भी नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। ज्यादा मोबाइल का इस्तेमाल करने से पढ़ाई में बाधा आती है, नैसर्गिक शैक्षणिक गुणवत्ता आहत होती है।

भारत में 21 राज्यों के ग्रामीण समुदायों में 6-16 वर्ष की आयु के स्कूली बच्चों के 6,229 अभिभावकों के बीच किए गए अखिल भारतीय सर्वेक्षण से पता चला कि अधिकतर बच्चे पढ़ाई के बजाय मनोरंजन एवं अश्लील सामग्री के लिए स्मार्टफोन का उपयोग करते हैं। सर्वेक्षण में कहा गया है कि जिन छात्रों के पास गैजेट्स हैं, उनमें से 56.6 प्रतिशत ने डिवाइस का इस्तेमाल मूवी डाउनलोड करने और देखने के लिए किया, जबकि 47.3 प्रतिशत ने उनका इस्तेमाल संगीत डाउनलोड करने और सुनने के लिए किया। सर्वेक्षण से पता चला है कि ग्रामीण भारत में 49.3 प्रतिशत छात्रों के पास स्मार्टफोन की पहुंच है, लेकिन उनमें से केवल 34 प्रतिशत ही पढ़ाई के लिए इसका इस्तेमाल करते हैं।

वैश्विक स्तर पर, आज दुनिया भर में 6.378 बिलियन स्मार्टफोन उपयोगकर्ता हैं-जो कि कुल आबादी का लगभग 80.69 प्रतिशत है। इसमें दो मत नहीं कि एक समय महज बातचीत का जरिया माना जाने वाला मोबाइल फोन आज दैनिक जीवन की जरूरतों को पूरा करने वाला बेहद जरूरी उपकरण बन चुका है। खासकर कोरोना संकट के चलते स्कूल-कालेजों के बंद होने के बाद तो यह पढ़ाई का अनिवार्य हिस्सा बन गया। आललाइन कक्षाओं के बढ़ते प्रचलन में लगने लगा था कि इसके बिना तो पढ़ाई संभव ही नहीं है। लेकिन नादान बच्चों के हाथ में मोबाइल बंदर के हाथ में उस्तरे जैसा ही साबित हुआ है। निश्चित तौर पर ये उनके भटकाव, गुमराह, दिग्भ्रमित और मानसिक विचलन का कारण भी बना है। इसी कारण कई देशों में स्कूलों में स्मार्टफोन पर बैन लगा दिया है, क्योंकि इन देशों का मानना है कि यह बच्चों की शिक्षा और उनकी गोपनीयता पर नकारात्मक प्रभाव डालता है।

अनेक देशों में हुए सर्वेक्षणों ने स्मार्टफोन के उपयोग से विद्यार्थियों पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों पर चिंता जतायी है। इनकी रिपोर्ट एवं चौंकाने वाले तथ्य भारत में शिक्षा के नीति-नियंताओं की आंख खोलने वाले हैं। यूनेस्को की टीम के मुताबिक बीते साल के अंत तक कुल पंजीकृत शिक्षा प्रणालियों में से चालीस फीसदी ने सख्त कानून या नीति बनाकर स्कूलों में छात्रों के स्मार्टफोन के प्रयोग पर रोक लगा दी है। दरअसल, आधुनिक शिक्षा के साथ आधुनिकीकरण एवं विकास की अपेक्षा को दर्शा कर तमाम पब्लिक स्कूलों में मोबाइल के उपयोग को अनिवार्य बना दिया गया। निस्संदेह, आधुनिक समय में स्मार्टफोन कई तरह से शिक्षा में मददगार है। लेकिन यहां प्रश्न इसके अनियंत्रित एवं अवांछित प्रयोग का है। साथ ही दुनिया में अनियंत्रित इंटरनेट पर परोसी जा रही अनुचित, अश्लील, अनुपयोगी सामग्री और बच्चों पर पड़ने वाले उसके दुष्प्रभावों पर भी दुनिया में विमर्श जारी है। मोबाइल फोन का अत्यधिक उपयोग छात्रों के मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य के लिए बुरा है तथा इसके लगातार उपयोग से चिंता का स्तर बढ़ता है, आत्म-सम्मान कम होता है तथा अकेलेपन की भावना बढ़ती है। इसका अंधाधुंध व गलत उपयोग घातक भी हो सकता है। दरअसल, स्मार्टफोन में वयस्कों से जुड़े तमाम एप ऐसे भी हैं जो समय से पहले बच्चों को वयस्क बना रहे हैं। उन्हें यौन कुंठित बना रहे हैं। बड़ी चुनौती यह है कि बच्चों की एकाग्रता भंग हो रही है। बच्चों में याद करने की क्षमता घट रही है।

बदलते शैक्षणिक परिदृश्यों में जब शिक्षा में स्मार्टफोन का उपयोग टाला नहीं जा सकता, लेकिन उसका नियंत्रित उपयोग तो किया ही जा सकता है। निस्संदेह उसका उपयोग सीमित एवं संयमपूर्वक किया जाना नितांत अपेक्षित होना चाहिए। संकट यह भी कि मोबाइल पर खेले जाने वाले ऑन लाइन गेम जहां बच्चों को मैदानी खेलों से दूर कर रहे हैं, वहीं स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर डाल रहे हैं। हमें किसी भ्रम में नहीं रहना चाहिए। पूरी दुनिया में बढ़ता मोबाइल फोन का प्रचलन एक संकट है एवं एक चुनौती है। क्या हम वाकई सोचते हैं कि छात्रों को स्कूल में ज्यादा स्क्रीन टाइम की जरूरत है? कुछ सर्वेक्षण के परिणामों ने विश्वविद्यालय के संसाधनों और शैक्षणिक जानकारी तक मोबाइल पहुँच के लिए छात्रों की बढ़ती माँग को प्रदर्शित किया, साथ ही अपने साथियों और प्रशिक्षकों के साथ तेज, व्यक्तिगत, इंटरैक्टिव डिजिटल संचार की बढ़ती जरूरतों को भी दशार्या। भारत में स्मार्टफोन के उपयोग को बैन करने का निर्णय जल्दबाजी में न हो, पहले अनुसंधान हो, परामर्श किया जाना चाहिए तथा उनके अनुप्रयोग पर गहन विचार किया जाना चाहिए। निश्चित तौर पर स्मार्टफोन छात्र-छात्राओं का सहायक तो बन सकता है, लेकिन सबकुछ इसके भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता। इससे छात्रों की स्वतः स्फूर्त मेधा कुंद होने का खतरा है। छात्र जीवन को तकनीक का वन नहीं, बल्कि पुरुषार्थ और प्रतिभा का उपवन बनाये। वृक्ष भी जीते हैं, पशु-पक्षी भी जीते हैं, परन्तु वास्तविक जीवन वे ही जीते हैं, जिनका मन मनन का उपजीवी हो। मननशीलता की संपदा मानव को सहज उपलब्ध है, जिसका अधिकाधिक उपयोग और विकास कर जीवन को सार्थक दिशा प्रदान करें।

## मोदी, ट्रम्प और व्यावसायिक हित

**- अरविन्द मोहन**

इस अमेरिकी यात्रा और इस तरह के फैसले करने कराने की तैयारी उसके पहले शुरू हो गई थी और अभी भी चल रही है। अभी भी इस्पात और अल्युमिनियम पर सीमा शुल्क पच्चीस फीसदी करने की माथापच्ची चल रही है क्योंकि ट्रम्प ऐसा चाहते हैं। ट्रम्प विश्व व्यापार संगठन के जरिए बनी वैश्विक व्यापार नियमों से खासे खफा है। शेयर बाजार में चल रही मौजूदा दौर की गिरावट में बाजार के कुछ बड़े और कुशल खिलाड़ियों को कितने का नुकसान हुआ है यह हिसाब अब आने लगा है। कई का नुकसान लगभग एक तिहाई तक का है पर कुल मिलाकर बाजार इतना नहीं गिरा है। लेकिन ऐसे शीर्ष वाले लोगों का नुकसान अगर कुछ सौ करोड़ का है तो हमारे शेयर बाजारों के सारे निवेशकों का नुकसान दसेक लाख करोड़ रुपए से अधिक का हो चुका है और उसकी चर्चा कम है। यह पैसा आम लोगों का तो है ही, उनके बैंक जमा, प्राविडेन्ट फंड, साझा कोशों और बीमा कंपनियों को चुकाए उनके प्रीमियम की रकम का है। और आम तौर पर यह धन शेयर बाजार के विशेषज्ञों के साथ ही सरकार के इशारों पर बाजार में लगता है, उसे चढ़ाता और गिराता है। इस बार का भूचाल अमेरिकी शासन के बदलाव से जुड़ा है अर्थात डोनाल्ड ट्रम्प के फिर से राष्ट्रपति बनने के बाद लिए उन फैसलों और आने वाले फैसलों की आशंका से इसका रिश्ता है जिसे वे अमेरिका को फिर से महान बनाने के अपने वायदे के हिसाब से ले रहे हैं या लेने वाले हैं। इस बीच हमारे रुपए को गोता लगाने से बचाने के लिए(फिर भी उसने अच्छी खासी गिरावट दर्ज की है) रिजर्व बैंक ने कितना दंड-प्राणायाम किया है वह अलग हिसाब है पर उसने हमारी गाढ़ी कमाई के हजारों करोड़ मूल्य के डालर बाजार में उतारे हैं। और मोदी राज की शुरूआत में पच्चीस हजार के रेट वाले सोना ने आज प्रति दस ग्राम नब्बे हजार का स्तर छूकर कितनों को रुलाया है, यह हिसाब भी आसानी से लगाया जा सकता है। कोई उम्मीद कर सकता है कि जब हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका यात्रा की और ट्रम्प से मिले (या ऊनके पहले विदेश मंत्री जयशंकर ने अमेरिका में अड्डा डाला था) तो वे जरूर महाबली अमेरिका के इस राष्ट्रपति से अपना दुखदर्द कहेंगे और अभी तक जारी अच्छे राजनयिक संबंधों के आधार पर अपनी परेशानियों का समाधान चाहेंगे, अमेरिका-भारत संबंधों में इसके चलते खटास न आए, इसका इंतजाम करेंगे। ट्रम्प दोबारा चुनाव जीतकर कुछ ज्यादा ही आत्मविश्वास और अमर्यादित व्यवहार पर उतरे लगते है, शपथ ग्रहण करने के साथ ही उन्होंने दो सौ से ज्यादा बड़े फैसलों पर दस्तखत करके दुनिया को 'दहला' दिया था और अभी भी उनका उत्साह जारी है। इस उत्साह को दुस्साहस बताने वाले कम नहीं है क्योंकि इससे अमेरिका का लाभ/घाटा क्या होगा यह हिसाब नुकसान की तरफ जाता लगता है। कहा जाता है कि ट्रम्प इस बात से ज्यादा खुश न थे कि उनका मित्र माने जाने वाले मोदी ने बाइडन प्रशासन से भी अच्छा संबंध रखा और चुनाव हारने के कारण उनकी तरफ पीठ फेर लिया था। इसलिए मोदी और ट्रम्प की दोस्ती के पक्षधर इस बात को लेकर खुश हैं कि इस यात्रा में प्रधानमंत्री पुरानी गर्मजोशी हासिल करने में सफल रहे। बातचीत, व्यवहार, राजनयिक शिष्टाचार से लेकर इस यात्रा में हुए समझौतों के आधार पर ऐसा नहीं लगता क्योंकि सारा हिसाब अमेरिका के पक्ष में झुका हुआ है। और साझा प्रेस कांफ्रेंस में ट्रम्प ने जिस तरह से मोदी जी के प्रति व्यवहार दिखाया वह सामान्य न था, बल्कि कई बार तो यह खिल्ली उड़ाने के करीब तक पहुंच गया। और मोदी जी ट्रम्प प्रशान के करीबी उद्यमी एलन मास्क से मिलने और उनके भारत से व्यावसायिक रिश्ते बनाने को लेकर जितने बेचैन रहे हैं उसमें उनका व्यवहार भी सामान्य शिष्टाचार वाला न था। वे प्रधानमंत्री से भेंट में अपनी पत्नी, बच्चों के साथ बच्चों की देखरेख करने वाली सहायिका को भी लेकर पहुंचे थे। और सामान्य निष्कर्ष यही रहा कि इस यात्रा से भारत- अमेरिकी दोस्ती में कोई कड़वाहट न आई या वैसा कुछ था तो वह खत्म हुआ लेकिन कुल मिलाकर अमेरिका लाभ की स्थिति में रहा। उसने मनमाने व्यावसायिक करार किए और भारत ने ज्यादा ना नुकर न करते हुए उन्हें स्वीकार किया। इसमें गैरजरूरी सैन्य सामग्री की खरीद का करार भी शामिल है और तेल समेत कुछ ऐसे सौदों का प्रसंग उठाना भी है जिनमें समझौता करना भारत को महंगा पड़ेगा।

# मुख्य निर्वाचन आयुक्त की जल्दबाजी में नियुक्ति

जिस प्रकार से लोकतांत्रिक मयार्दाओं तथा परम्पराओं को ताक पर रखकर, जल्दबाजी में केन्द्र सरकार ने 26वें मुख्य निर्वाचन आयुक्त (चीफ इलेक्शन कमिश्नर- सीईसी) की नियुक्ति की है उससे चुनाव सुधार की उम्मीदों पर फिर से पानी फिर गया है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार के 18 फरवरी को सेवानिवृत्त होने से पहले ही केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री कार्यालय में 17 फरवरी की शाम एक बैठक बुलाई, जिसमें प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के अलावा नेता प्रतिपक्ष भी शामिल हुए।



नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने इस बैठक के लिए पहले ही आपत्ति जाहिर कर दी थी, बावजूद इसके सरकार ने उन आपत्तियों को दरकिनार करते हुए न केवल बैठक की, बल्कि सोमवार देर रात नए मुख्य निर्वाचन आयुक्त के तौर पर ज्ञानेश कुमार को नियुक्त कर दिया। इस नियुक्ति पर भी विपक्ष सवाल उठा रहा है। 1988 बैच के केरल कैडर के आईएएस अधिकारी ज्ञानेश कुमार ने केंद्रीय गृह मंत्रालय में अपने कार्यकाल के दौरान जम्मू-कश्मीर में संविधान के अनुच्छेद 370 के कुछ प्रावधानों को निरस्त किये जाने के बाद निर्णय को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और 15 मार्च, 2024 को निर्वाचन आयुक्त के रूप में कार्यभार संभाला था। ये पहली बार है, जब मुख्य चुनाव आयुक्त का चयन मुख्य चुनाव आयुक्त एवं अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और पदावधि) अधिनियम, 2023 के तहत हुआ है। इससे पहले बीते साल ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू को नए कानून के तहत चुनाव आयुक्त चुना गया था।

निवर्तमान मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार का कार्यकाल कई किस्म के विवादों में घिरा रहा। आरोप लगे कि उनके रहते आयोग ने भाजपा की सुविधानुसार चुनावी कार्यक्रम बनाना, सिर्फ विरोधी दलों के खिलाफ कार्रवाइयां करना, भाजपा के गलत कार्यों की अनदेखी करना, आचार संहिता का प्रतिपक्ष को दबाने में इस्तेमाल करना और विरोधियों को न सुनना जैसे कार्य किए। उनके दौर में हुए लगभग हर चुनाव में गड़बड़ी की शिकायतें विपक्ष ने कीं। ईवीएम में छेड़छाड़ से लेकर मतदाता सूची की गड़बड़ी जैसे गंभीर आरोपों के सवाल उठे, मतदान खत्म होने के कुछ घंटों के बाद वोटिंग का प्रतिशत बढ़ जाना, मतगणना बीच में रुकने या धीमी होने के बाद कुछ ही मिनटों में हारती हुई भाजपा की सीटों का इतना बढ़ जाना कि वह राज्यों में सरकार बना ले आदि ऐसी घटनाएं हैं जो हमेशा संदेह के घेरे में रहेंगी। विपक्ष ने भाजपा की जेबी संस्था, चूना आयोग जैसे शब्द चुनाव आयोग के लिए किए ताकि उसके आरोपों की गंभीरता समझी जाए। लेकिन इन सबका कोई असर संभवतः सरकार पर नहीं हुआ।

लोकतंत्र के पक्ष में वे सारे लोग जो एक स्वतंत्र, मजबूत और निष्पक्ष चुनाव आयोग की उम्मीद राजीव कुमार के जाने के बाद लगाये बैठे थे, वे इसलिये मायूस हैं क्योंकि उन्हें वांछित बदलाव की अब कोई उम्मीद नहीं रह गयी है क्योंकि नये सीईसी का उसी धारा में तैरना लगभग तय माना जा रहा है। सीईसी के रूप में ज्ञानेश का कार्यकाल जनवरी, 2029 तक रहेगा। इस दौरान उनकी देखरेख में लगभग 20 विधानसभा चुनाव होंगे तथा अगली लोकसभा के लिये 2029 में होने वाली सारी भी तैयारियां वे करके जायेंगे- यदि उन्हें सेवा विस्तार नहीं मिलता तो। ऐसा तभी होगा यदि वे राजीव कुमार की बनाई लीक से हटकर काम करेंगे; जिसकी उम्मीद कम है।

केन्द्रीय निर्वाचन आयोग हमेशा भाजपा सरकार की जेब में बनी रहे, इसकी तैयारी पहले से कर ली गयी थी। 2023 में सीईसी नियुक्ति अधिनियम में संशोधन कर चयन समिति से सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को हटा दिया। इसका उद्देश्य साफ था कि चयन प्रक्रिया में बहुमत सरकार का बना रहे। इसे लेकर विपक्ष, खासकर कांग्रेस आपत्ति जताती रही है। इसके खिलाफ शीर्ष कोर्ट में एक याचिका भी लगाई गयी है जिस सम्बन्ध में तीन सुनवाइयां हो चुकी हैं और अगली सुनवाई बुधवार 19 फरवरी को ही निर्धारित है। कहीं उच्चतम न्यायालय इस नियम को अवैध न ठहरा दे, इसलिये अदालती फैसले हेतु ठहरने की बजाये (और आशंका में) सोमवार को बैठक बुलाकर राहुल की कड़ी आपत्ति के बावजूद नया सीईसी घोषित किया गया।

सरकार रुक सकती थी क्योंकि फिलहाल देश में कोई चुनाव नहीं है। केवल बिहार का होगा- वह भी इस साल के अंत में। आधी रात को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने हस्ताक्षर भी कर दिये। इसलिये राहुल ने इस प्रक्रिया को 'अपमानजनक व अशिष्टज बतलाया है जो कि गलत नहीं है। राहुल गांधी ने अपनी आपत्ति का एक पत्र केंद्र सरकार को दिया है। वहीं कांग्रेस ने एक ट्वीट में आधी रात का तख्तापलट शीर्षक के तहत कई बिंदुओं में समझाया है कि कैसे मोदी-शाह ने मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति पर कब्जा किया है। कांग्रेस ने लिखा है कि सुप्रीम कोर्ट को दरकिनार करने से लेकर आधी रात की नियुक्ति तक, मोदी और शाह ने दिनदहाड़े सबसे बड़े चुनावी तख्तापलट को अंजाम दिया है।

यह बेहद गंभीर आरोप है जो कांग्रेस ने लगाया है, अब देखना होगा कि अदालत इस आपत्ति का संज्ञान लेती है या नहीं।

## ऑल इंडिया पुलिस पायलट टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरूआत

**ग्रेटर नोएडा।** क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक खास टूर्नामेंट का आयोजन ग्रेटर नोएडा वेस्ट के गौर सिटी स्टेडियम में किया गया है। ऑल इंडिया पुलिस पायलट टी-20 क्रिकेट टूनामेंट की शुरूआत हो चुकी है, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों की पुलिस टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले खेले जा रहे हैं. यह टूनामेंट पहली बार देश में आयोजित किया जा रहा है और इसमें दिल्ली पुलिस, पश्चिम बंगाल पुलिस, उत्तर प्रदेश पुलिस, असम पुलिस, मध्य प्रदेश पुलिस, तमिलनाडु पुलिस, महाराष्ट्र पुलिस और केरल पुलिस की टीमें हिस्सा ले रही हैं।

## परिषदीय विद्यालयों डीएलएड प्रशिक्षुओं द्वारा निपुण का मूल्यांकन

**ग्रेटर नोएडा।** परिषदीय विद्यालयों डीएलएड प्रशिक्षुओं द्वारा निपुण का मूल्यांकन किया जा रहा है। मंगलवार को निपुण एसेसमेंट के दौरान डीएलएड प्रशिक्षुओं को कई समस्याओं का सामना करना पड़ा। निपुण मूल्यांकन के समय कई विद्यालयों में एप ने ठीक से काम नहीं किया। जिसके कारण लक्ष्य के अनुसार विद्यालयों का मूल्यांकन नहीं हो पाया।

मंगलवार को 16 टीमों ने मूल्यांकन किया। डीएलएड प्रशिक्षुओं ने बताया कि एप का इस्तेमाल करने के दौरान नेटवर्क काफी धीमी आ रहे थे। जिसके कारण एप ठीक से नहीं चल पाया। वहीं, एक टीम द्वारा पूरे दिन में दो विद्यालयों का मूल्यांकन किया जाना था, लेकिन एप के ठीक से काम न करने के कारण एक ही विद्यालय में पूरा दिन निकल गया। पहले चरण में मूल्यांकन के दौरान भी एप में कमी आई थी। जिसके कारण मूल्यांकन करते समय कई दिक्कतों का सामना करना पड़ा था।

## गाजियाबाद क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय ने एक मोबाइल पासपोर्ट वैन की शुरूआत की




**नोएडा।** नोएडा में रहने वाले लोगों को पासपोर्ट बनवाने में कोई कठिनाई नहीं होगी. गाजियाबाद क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय ने एक मोबाइल पासपोर्ट वैन की शुरूआत की है, जो जरूरतमंद स्थानों पर जाकर नागरिकों को पासपोर्ट सेवा प्रदान करेगी। अभी तक 11 जिलों के लिए सिर्फ गाजियाबाद में ही पासपोर्ट ऑफिस है, जहां पर 11 जिलों के लोग जाकर अपना पासपोर्ट बनवाने की प्रक्रिया को पूरा करते हैं।

अक्सर यह देखा जाता है कि अगर इस दौरान कोई गलती होती है तो उसे ठीक करवाने के लिए लोगों को पासपोर्ट दफ्तर के कई चक्कर लगाने पड़ते हैं। गाजियाबाद पासपोर्ट दफ्तर की तरफ से भेजी गई यह मोबाइल वैन फिलहाल इंडियन कोस्ट गार्ड के सेक्टर 24 स्थित कैंपस में खड़ी की गई है, जहां इंडियन कोस्ट गार्ड के कर्मचारियों और उनके परिवारजनों के लिए पासपोर्ट बनाए जा रहे हैं।

यह सेवा 18 से 20 फरवरी तक उपलब्ध रहेगी। इस दौरान कैंपस में रहने वाले लोग और उनके परिजन पासपोर्ट संबंधित सभी कार्य करवा सकेंगे। क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी अनुज स्वरूप ने बताया, "हमने अब तक 60 आवेदकों के आवेदन प्राप्त कर लिए हैं और उम्मीद है कि अगले दो दिनों में यह संख्या और बढ़ेगी।"

उन्होंने यह भी कहा कि आवश्यकता के अनुसार, इस वैन को अन्य सरकारी संस्थानों, स्कूलों और कॉलेजों में भेजा जाएगा. जहां से रिक्वायरमेंट आ रही है, वहां पासपोर्ट मोबाइल वैन लगाई जाएगी। चाहे वह कोई सरकारी संस्थान हो, स्कूल हो या कॉलेज. इसके अलावा, नोएडा में सेक्टर 19 में बने पोस्ट ऑफिस में भी पासपोर्ट सेवा केंद्र उपलब्ध है, जहां लोग जाकर अपना पासपोर्ट बनवा सकते हैं।

## फुट पेट्रोलिंग करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा



**नोएडा।** डीसीपी व एडीसीपी सेन्ट्रल नोएडा के पर्यवेक्षण में एसीपी-1 सेन्ट्रल नोएडा श्री राजीव कुमार गुप्ता द्वारा पुलिस बल के साथ थाना फेस-3 व थाना सेक्टर 63 क्षेत्र के अंतर्गत फुट पेट्रोलिंग करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

उनके द्वारा संबंधित को निर्देशित किया गया कि संदिग्ध प्रतीत हो रहे वाहनों को बैरिकेडिंग लगाकर चेक किया जाये, यातायात व्यवस्था को दुरूस्त रखा जाये तथा नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालको के विरूद्ध कार्रवाई की जाये। उनके द्वारा सभी पीसीआर व पीआरवी वाहनों को लगातार भ्रमणशील रहते हुए सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित रखने हेतु निर्देशित किया गया।

## नोएडा में करीब 35 हजार 555 इलेक्ट्रिक वाहनों का रजिस्ट्रेशन

### इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए 20 स्थानों पर चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएंगे



**नोएडा।** नोएडा में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए 20 स्थानों पर चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। ये स्टेशन नोएडा ग्रेटरनोएडा एक्सप्रेस वे , मॉल्स और एमएलसीपी में बनाए जा सकते है। प्राधिकरण की प्राथमिकता में यही स्पेस है।

हालांकि सलाहकार कंपनी भी अपनी सर्वे रिपोर्ट दो दिन में देगी। इसके बाद स्थान को फाइनल किया जाएगा। ईवी स्टेशन के लिए आरएफपी जारी होगी। इसमें उसी कंपनी का चयन किया जाएगा जो प्रति यूनिट चार्ज कस्टमर से कम करेगा।

नोएडा में करीब 35 हजार 555 इलेक्ट्रिक वाहनों का रजिस्ट्रेशन है। ये वाहन घर में खड़े होते है। प्राधिकरण का मत है इन लोगों के पास चार्जिंग सिस्टम है। जिसके जरिए ये वाहन चार्ज करके बाहर निकलते है।

आवश्यकता उनकी है जो हाईवे, एक्सप्रेस वे से होकर निकलते है। जिनको बीच में चार्जिंग की जरूरत है। इसलिए 23 किमी लंबे एक्सप्रेस वे पर चार स्थान , दो जाने वाले और दो आने वाले पाइंट पर चार्जिंग स्टेशन बनाया जाए। डीएससी रोड पर कुलेसरा के पास स्टेशन होना चाहिए।

इन स्थानों पर लग सकते है चार्जिंग स्टेशन इसी तरह नोएडा के लॉजिक्स मॉल, जीआईपी, डीएलएफ और अन्य मॉल्स के अलावा मल्टीलेवल कार पार्किंग सेक्टर-18 और बोटेनिकल गार्डन पार्किंग में चार्जिंग स्टेशन बनाए जाने चाहिए। यहां गैदरिंग भी है। इन चार्जिंग स्टेशनों पर वाहन चार्ज किए जा सकते है।

# 57 करोड़ श्रद्धालुओं के स्नान के बाद भी अल्कलाइन वाटर से भी बेहतर गंगा जल

### मिसाइल मैन एपीजे अब्दुल कलाम संग वैज्ञानिक विमर्श करने वाले पद्मश्री अजय सोनकर ने प्रयोगशाला में साबित कर दिखाया गंगा जल सबसे शुद्ध

### अपने सामने गंगा जल लेकर प्रयोगशाला में जांचने की दी खुली चुनौती

### बोले- जिसे हो जरा भी संदेह, मेरे सामने गंगा जल लें और प्रयोगशाला में जांचकर संतुष्ट हो जाए





**राम सिंह यादव**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज। महाकुम्भ** में अब तक ५७ करोड़ से अधिक श्रद्धालु गंगा में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। इसके बावजूद गंगा जल की शुद्धता पर कोई असर नहीं पड़ा है। मिसाइल मैन एपीजे अब्दुल कलाम के साथ वैज्ञानिक विमर्श करने वाले पद्मश्री वैज्ञानिक डॉ. अजय कुमार सोनकर ने अपनी प्रयोगशाला में यह सिद्ध कर दिया है कि गंगा का जल न केवल स्नान योग्य है, बल्कि अल्कलाइन वाटर जैसा शुद्ध है। गंगा नदी के जल की शुद्धता पर सवाल उठाने वालों को देश के शीर्ष वैज्ञानिक ने अपनी प्रयोगशाला में झूठा साबित कर दिया है। उन्होंने अपने सामने गंगा जल लेकर प्रयोगशाला में जांचने की खुली चुनौती भी दी है। साथ ही कहा है कि जिसे जरा भी संदेह हो, वह मेरे सामने गंगा जल ले और प्रयोगशाला में जांचकर संतुष्ट हो जाए। मोती उगाने की दुनिया में जापानी वर्चस्व को चुनौती देने वाले शीर्ष भारतीय वैज्ञानिक ने संगम और अरैल के साथ एक दो नहीं बल्कि ०५ घाटों से गंगा जल कलेक्ट किया है। डॉ सोनकर के लगातार तीन महीने के शोध में यह साबित किया कि गंगा जल सबसे शुद्ध है। यहां नहाने से किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं हो सकता है। प्रयोगशाला में इसकी शुद्धता की पूरी तरह से पुष्टि हो गई है। बैक्टीरियोफेज के कारण गंगा जल की अद्भुत स्वच्छता क्षमता हर तरह से बरकरार है।देश के शीर्ष वैज्ञानिक डॉ. अजय कुमार सोनकर ने महाकुम्भनगर के संगम नोज और अरैल समेत अलग-अलग ०५ प्रमुख स्नान घाटों से खुद जाकर जल के नमूने इकट्ठा किए। इसके बाद उन्हें अपनी प्रयोगशाला में सूक्ष्म परीक्षण के लिए रखा। डॉ. अजय के अनुसार आश्चर्यजनक रूप से करोड़ों श्रद्धालुओं के स्नान के बावजूद जल में न तो बैक्टीरियल ग्रोथ देखी गई और न ही जल के पीएच स्तर में कोई गिरावट आई।देश के शीर्ष वैज्ञानिक ने इस शोध में पाया कि गंगा जल में ११०० प्रकार के बैक्टीरियोफेज मौजूद हैं। जो किसी भी हानिकारक बैक्टीरिया को नष्ट कर देते हैं। यही कारण है कि गंगा जल में ५७ करोड़ श्रद्धालुओं के स्नान करने के बाद भी उसका पानी दूषित नहीं हुआमीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार कुछ संस्थाओं और लोगों ने जनता में एक तरह का भ्रम फैलाया। जिसमें गंगा जल को आचमन और स्नान के लिए अयोग्य बताया गया था। वहीं डॉ. सोनकर के शोध ने इस दावे को पूरी तरह गलत साबित कर दिया है। उन्होंने कहा कि गंगा जल की अम्लीयता (पीएच) सामान्य से बेहतर है और उसमें किसी भी प्रकार की दुर्गंध या जीवाणु वृद्धि नहीं पाई गई। विभिन्न घाटों पर लिए गए सैंपल को प्रयोगशाला में ८.४ से लेकर ८.६ तक पीएच स्तर का पाया गया है। जो काफी बेहतर माना गया है।

**गंगा का जल स्वास्थ्य के लिए लाभकारी**

प्रयोगशाला में जल के नमूनों को १४ घंटों तक इंक्यूबेशन तापमान पर रखने के बाद भी उनमें किसी भी प्रकार की हानिकारक बैक्टीरिया की वृद्धि नहीं हुई। डॉ सोनकर ने यह भी स्पष्ट किया कि गंगा का जल न केवल स्नान के लिए सुरक्षित है, बल्कि इसके संपर्क में आने से त्वचा संबंधी रोग भी नहीं होते। डॉ. अजय कुमार सोनकर का दावा है कि कोई भी व्यक्ति उनके साथ घाटों पर जाकर जल के नमूने इकट्ठा कर सकता है और प्रयोगशाला में उनकी शुद्धता की पुष्टि कर सकता है। महाकुम्भ में ५७ करोड़ से अधिक लोगों के स्नान के बावजूद गंगा जल आज भी अपनी प्राकृतिक शक्ति से रोगमुक्त बना हुआ है।

## यदि वाकई गंगा जल प्रदूषित होता तो अब तक मच गया होता हाहाकार

डॉ सोनकर ने कहा कि यहां महाकुम्भ को लेकर एक बात बहुत ध्यान देने वाली है और वो यह कि जिस प्रकार गंगा के जल को महाकुम्भ के पहले से ही अति दूषित बताकर दुष्प्रचार किया जा रहा है, लेकिन यदि ऐसी स्थिति सच में हुई होती तो अब तक दुनिया में हाहाकार मच गया होता। अस्पतालों में कहीं पैर रखने की जगह भी नहीं बची होती। ये मां गंगा की स्वयं को शुद्ध कर लेने की अद्भुत शक्ति है कि ५७ करोड़ श्रद्धालुओं के स्नान कर लेने के बाद भी किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। भ्रम फैलाने वालों से पूछा जाना चाहिए कि यदि गंगा जल दूषित है तो इन ५७ करोड़ श्रद्धालुओं में से एक भी श्रद्धालु को किसी प्रकार की बीमारी की कोई शिकायत क्यों नहीं पाई गइ डॉ सोनकर के अनुसार पानी में बैक्टीरिया की वृद्धि पानी को अम्लीय बना देते हैं। कई बैक्टीरिया अपने चयापचय के हिस्से के रूप में अम्लीय उपोत्पाद उत्पन्न करते हैं, जो पानी के पीएच स्तर को कम करता है। जैसे ही बैक्टीरिया पोषक तत्वों का उपभोग करते हैं वे लैक्टिक एसिड या कार्बोनिक एसिड जैसे अम्लीय यौगिकों को छोड़ते हैं। जिसकी वजह से पीएच गिर जाता है। लेकिन जांच में पांचों नमूने अल्कलाइन पाए गए, जिसकी पीएच वैल्यू ८.४ से ८.६ रिकॉर्ड हुई है।

जो बैक्टीरिया के अप्रभाव को साबित करता है। साथ ही जल वष्ठे नमूने में जीवित बैक्टीरिया बहुत कम संख्या में थे, जो जैविक रूप से अपनी आबादी बढ़ाने योग्य नहीं पाए गए। ३७ष्टसे. पर इंक्यूबेशन कंडीशन में भी बैक्टीरिया की संख्या नहीं बढ़ी है।

## महाकुम्भ में २ लाख से अधिक श्रद्धालु ले चुके हैं लेजर लाइट शो का आनंद

### प्रयागराज और महाकुम्भ की कथा लेजर शो में देखते हैं प्रतिदिन ५ हजार से अधिक श्रद्धालु

**प्रयागराज। प्रया**गराज में सनातन संस्कृति के सबसे बड़े समागम, महाकुम्भ का दिव्य - भव्य आयोजन पिछले ३८ दिनों से चल रहा है। महाकुम्भ के अवसर पर प्रयागराज में कई तरह के भव्य आयोजन हो रहे हैं। इसी क्रम में प्रयागराज में यमुना बोट क्लब के काली घाट पर लेजर लाइट शो का प्रदर्शन ११ जनवरी से हो रहा है। अब तक लगभग २ लाख से अधिक श्रद्धालु लेजर लाइट शो का आनंद ले चुके हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में पर्यटन विभाग की ओर से ये लेजर शो प्रयागराजवासियों के लिए एक सौगात है। प्रयागराज के महात्म और महाकुम्भ की गाथा पर आधारित लेजर शो शहर में आने वाले तीर्थयात्रियों और पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन चुका है। इसका प्रदर्शन महाकुम्भ के बाद भी नियमित तौर पर होता रहेगा।

महाकुम्भ का दिव्य झ भव्य आयोजन एक ओर तो प्रयागराजवासियों के लिए आत्मसम्मान और गौरव का विषय है, साथ ही महाकुम्भ शहर वालों को कई तरह की सौगात भी दे जाता है। महाकुम्भ की ऐसी ही सौगात है लेजर लाईट शो। जिसका प्रदर्शन यमुना बोट क्लब के पास काली घाट पर शाम ७ बजे और ८ बजे नियमित तौर पर हो रहा है। ४० मिनट की अवधि का लेजर शो तीर्थराज प्रयागराज के महात्म और महाकुम्भ की पौराणिक कथा पर आधारित है। शो की आर्गनाइजर टेम्फ्लो सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजर अंकुर चौधरी का कहना है कि ११ जनवरी से लेजर शो का नियमित प्रदर्शन हो रहा है। प्रत्येक दिन कम से कम ५ से ६ हजार लोग शो का आनंद लेते हैं। कभी - कभी ये संख्या १० हजार से भी अधिक हो जाती है। अब तक महाकुम्भ में लगभग २ लाख से अधिक श्रद्धालु लेजर शो को देख और सराह चुके हैं।

**महाकुम्भ के बाद भी चलता रहेगा लेजर लाइट शो**

अंकुर चौधरी का कहना है कि लेजर शो का आयोजन उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की ओर से हो रहा है। प्रयागराज के महात्म की गाथा का ये लेजर शो महाकुम्भ के बाद भी नियमित तौर पर चलता रहेगा। प्रयागराज में आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए आने वाले दिनों में भी ये शो आकर्षण का केंद्र होगा।

काली घाट, यमुना जी के तट पर इस शो का प्रदर्शन दर्शकों के लिये पूरी तरह प्रष्ठी आफ कॉस्ट है। उन्होंने बताया कि शाम के समय फ्लोटिंग रेस्टोरेंट कालिंदी और बोट क्लब के पास शो का प्रदर्शन प्रयागराजवासियों और यहां आने वाले पर्यटकों को एक नया अनुभव दे रहा है। वाटर स्क्रीन पर लेजर लाइट से प्रयागराज और महाकुम्भ की कथा का प्रदर्शन दर्शकों को आस्था, भक्ति के साथ सुखद अनुभूति भी दे रहा है।

# बोर्ड परीक्षा-2025 जनपद के 61 परीक्षा केंद्रों पर होगी संपन्न

## परीक्षा के कुशल संचालन हेतु कंट्रोल रूम की, की गई है स्थापना



**गौतम** बुद्ध नगर। 24 फरवरी से 22 मार्च 2025 तक आयोजित होने वाली बोर्ड परीक्षा-2025 को जनपद में नकल विहीन, शांतिपूर्ण एवं सुचिता के साथ संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने आज आईआईएमटी कॉलेज ग्रेटर नोएडा के ऑडिटोरियम हॉल में प्रशासन एवं पुलिस कि संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। बैठक में 61 परीक्षा केंद्रों के केंद्र व्यवस्थापक, वाहय केंद्र व्यवस्थापक, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा जोनल मजिस्ट्रेट द्वारा प्रतिभाग किया गया।

जिलाधिकारी ने प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारियों को बोर्ड परीक्षाओं को शांतिपूर्ण पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षाओं में नकल की कोई भी गुंजाइश नहीं रहनी चाहिए। परीक्षा के पूर्व परीक्षा केंद्रों का अधिकारियों के द्वारा शत प्रतिशत निरीक्षण करा कर यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि सभी केंद्रों पर आधारभूत सुविधाएं मानकों के अनुरूप उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि यदि निरीक्षण में किसी भी केंद्र पर कोई खामी नजर आती है तो समय रहते उसको भी दुरुस्त करा लिया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि बोर्ड परीक्षा के दौरान नकल माफिया और असामाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी रखी जाए, ताकि वह किसी भी प्रकार से परीक्षा को प्रभावित नहीं कर सकें। साथ ही परीक्षा केंद्रों पर स्ट्रांग रूम की स्थापना की जाए एवं उसकी 24 घंटे सीसीटीवी के माध्यम से ऑनलाइन निगरानी रखी जाए। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी सक्रिय रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि बोर्ड परीक्षा-2025 को लेकर अधिकारियों को जो दायित्व सौंपे गए हैं सभी अधिकारी गण समय से अपने-अपनी ड्यूटी पर उपस्थित होकर अपने-अपने दायित्वों का निर्माण करें। उन्होंने कहा की परीक्षा केंद्रों के चारों तरफ साफ सफाई एवं प्राथमिक उपचार की व्यवस्था रहनी चाहिए, इसके लिए संबंधित अधिकारी गण समय से अपनी तैयारियां पूर्ण कर लें।

बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे द्वारा शासन से निर्गत आदेशों का कड़ाई से अनुपालन करने के निर्देश दिए गए। पुलिस उपायुक्त मुख्यालय द्वारा बोर्ड परीक्षा में विभिन्न दायित्व हेतु लगाए गए संबंधित पुलिस व्यवस्था के संबंध में अवगत कराया गया।

जिला विद्यालय निरीक्षक धर्मवीर सिंह ने बैठक में अवगत कराया कि सभी 61 परीक्षा केदो पर बोर्ड परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली गई है और शीघ्र ही पुलिस अभिरक्षा में प्रश्न पत्र संबंधित केन्द्रों पर पुलिस अभिरक्षा में प्रेषित किए जाएंगे। उन्होंने बैठक में सभी अधिकारियों/ प्रधानाचार्यो से कहा कि परीक्षा के संचालन में यदि कोई कठिनाई उत्पन्न हो तो उसकी सूचना तत्काल अपर जिलाधिकारी प्रशासन/जिला विद्यालय निरीक्षक/जोनल मजिस्ट्रेट/सेक्टर मजिस्ट्रेट को उपलब्ध करायें। उन्होंने यह भी बताया कि बोर्ड परीक्षा 2025 को सकुशल संचालन करने के उद्देश्य से जनपद में कंट्रोल रूम की भी स्थापना की गई है, जिसके प्रभारी डिप्टी कलेक्टर वेद प्रकाश पांडे को नामित किया गया है। इस महत्वपूर्णबैठक में पुलिस उपायुक्त मुख्यालय रवि शंकर निम, एसीपी पुलिस, उप जिलाधिकारी सदर चारुल यादव, उप जिलाधिकारी दादरी अनुज नेहरा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पंवार तथा अन्य संबंधित अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

## आईएमएस में ओपन वॉलीबॉल टूनार्मेंट का आयोजन

**नोएडा।** इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (आईएमएस) नोएडा में इंटरा कॉलेज वॉलीबॉल टूनामेंट का आयोजन हुआ। सेक्टर 62 स्थित संस्थान परिसर में आयोजित इस 3 दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन 18 टीम ने हिस्सा लिया। वहीं कार्यक्रम के दौरान अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल प्लेयर रोहित राणा, आईएमएस के वाइस प्रेसिडेंट चिराग गुप्ता, महानिदेशक प्रोफेसर (डॉ.) विकास धवन, स्पोर्ट्स कॉडिनेटर रीना मैसी के साथ संस्थान के शिक्षक एवं छात्रों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए चिराग गुप्ता ने कहा कि खेलकूद छात्र जीवन का अहम हिस्सा है। यह शारीरिक तंदरुस्ती को बढ़ावा देने के साथ-साथ छात्रों में टीम वर्क एवं कुशल नेतृत्व क्षमता को भी विकसित करता है। प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्होंने छात्रों को खेल भावना के साथ मैच खेलने के लिए प्रेरित किया। वहीं आईएमएस नोएडा के महानिदेशक प्रोफेसर (डॉ.) विकास धवन ने कहा कि खेल छात्रों के संपूर्ण विकास में सहायक होते हैं। छात्र पढ़ाई के साथ-साथ खेल की बारीकियां एवं खेल-कूद में करियर की संभावनाओं को भी ध्यान में रखते हुए अपनी तैयारी कर सकते हैं।

कार्यक्रम के दौरान रोहित राणा ने छात्रों को उत्साहित करते हुए कहा कि खेल में अनुशासन और निरंतर अभ्यास सफलता की कुंजी है। एक अच्छे खिलाड़ी को मानसिक और शारीरिक रूप से फिट रहने के लिए नियमित अभ्यास और स्वस्थ जीवनशैली अपनानी चाहिए। उन्होंने छात्रों को वॉलीबॉल के तकनीकी पहलुओं और खेल में करियर बनाने के अवसरों के बारे में जानकारी दी।

वहीं आईएमएस की स्पोर्ट्स कॉडिनेटर रीना मैसी ने बताया कि इस 3 दिवसीय वॉलीबॉल टूनामेंट में दिल्ली एनसीआर के 32 टीम हिस्सा ले रहे हैं। मंगलवार को कार्यक्रम के पहले दिन 18 टीम ने फस्ट राउंड खेला, जिसमें आईएमएस नोएडा की टीम ने नोएडा क्लब को, एमएच पब्लिक स्कूल ने जेएसबी एकेडमी को, एकेजी कॉलेज ने शैडो क्लब को,एसवीएम स्कूल ने बाल भारती स्कूल को एवं श्यामलाल कॉलेज ने नॉर्थ कैप यूनिवर्सिटी को क्रमशः 2-0, 3-2, 2-0, 2-0 एवं 2-0 की बढ़त के साथ जीत हासिल की।

# हादसे में चालक समेत 17 लोग घायल

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या, प्रयागराज और वाराणसी से श्रद्धालुओं को लेकर दिल्ली लौट रहा एक टैंपो ट्रैवलर मंगलवार शाम नोएडा के सेक्टर-63 में पलट गया, जिससे इस हादसे में चालक समेत 17 लोग घायल हो गए। पुलिस ने इसकी जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि नजदीकी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को छुट्टी दे दी गयी ।

थाना सेक्टर-63 के प्रभारी निरीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि श्रद्धालुओं को लेकर मंगलवार शाम एक टेंपो ट्रैवलर दिल्ली लौट रहा था। जैसे ही ट्रैवलर हिंडन नदी को पार कर एसजेएम कट के पास पहुंचा कि चालक को झपकी आ गयी और यह डिवाइडर से टकराकर पलट गया। सिंह ने बताया कि आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## साइबर सुरक्षा और सुरक्षा जागरूकता के क्षेत्र में नवाचार के लिए अंतरराष्ट्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार मिला

**ग्रेटर नोएडा।** इंटरनेशनल स्किल डेवलपमेंट काउंसिल द्वारा डॉ गौरव आचार्य, कंप्यूटर विज्ञान
गौतम बुद्ध विश्विद्यालय, ग्रेटर नोएडा को अंतरराष्ट्रीय उत्कृष्टता पुरस्कारझ साइबर सुरक्षा और सुरक्षा जागरूकता के क्षेत्र में नवाचार के लिए इंडियन इंटरनेशनल सेंटर, लोधी रोड में एक कांफ्रेंस के दौरान सम्मानित किया गया।

# राजस्थान के जन-जन, प्रदेश के कण-कण को समर्पित बजट : सीएम भजनलाल



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन और राज्य की जनता से संकल्प पत्र में किये गये वादों के अनुसार राज्य बजट 2025-26 प्रस्तुत किया गया है। राज्य सरकार ने एक वर्ष के कार्यकाल में संकल्प पत्र के 58 प्रतिशत से अधिक वादे पूरे कर दिये है। उन्होंने कहा कि सर्वजनहिताय बजट राजस्थान के जन-जन और प्रदेश के कण-कण को समर्पित है। यह बजट राज्य का समग्र एवं सतत विकास सुनिश्चित करेगा।

मुख्यमंत्री ने बुधवार को विधानसभा में उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी द्वारा राज्य बजट वर्ष 2025-26 प्रस्तुत किये जाने के बाद पत्रकार वार्ता में बताया कि हमारी सरकार पंडित दीन दयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी तथा डॉ. भीम राव अम्बेडकर की विचारधारा के अनुरूप कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि गत जुलाई माह में प्रस्तुत परिवर्तित बजट की 96 प्रतिशत से अधिक घोषणाओं में हमने भूमि आवंटन कर दिया है तथा लगभग 85 प्रतिशत से ज्यादा घोषणाओं से संबंधित प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी जा चुकी है। श्री शर्मा ने कहा कि संभवतया ऐसा पहली बार है कि सात माह के अल्प समय में ही बजट घोषणाओं को इतने वृहद स्तर पर धरातल पर उतारा गया है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कहना है कि देश की चार जातियों युवा, महिला, मजदूर और किसान के उत्थान से ही देश का विकास संभव है और प्रदेश का यह बजट आठ करोड़ राजस्थानियों की आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि हम प्रदेश को 350 बिलियन डॉलर इकोनॉमी में बदलने के लिए कटिबद्ध है।

**20 लाख घरों में पेयजल कनेक्शन**

उन्होंने बजट को जनहित में समर्पित और विकासोन्मुख बताते हुए कहा कि इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, रोजगार और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में ठोस प्रावधान किए गये हैं, जो राज्य के सम्पूर्ण विकास को सुनिश्चित करेंगे। आगामी वर्ष में 20 लाख घरों तक पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य लेकर राज्य सरकार कार्य करेगी। नगरीय क्षेत्रों में घर-घर नल से जल पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री जल जीवन मिशन शहरी शुरू किया जाएगा। इसमें 5 हजार 830 करोड़ रूपए की लागत से काम किया जाएगा।

**राज्य का पहला ग्रीन बजट**

शर्मा ने कहा कि राजस्थान भी अब ग्रीन बजट पेश करने वाले देश के चुनिंदा राज्ों में शामिल हो गया है। सस्टेनेबल ग्रीन प्रणाली को प्रोत्साहित करने, क्लाइमेट चेंज की चुनौतियों से निपटने, बायोडायवर्सिटी, वाटर हार्वेस्टिंग, ग्रीन एनर्जी, रिसाइक्लिंग आदि को प्रोत्साहित करने के लिए कुल राज्य बजट की 11.34 प्रतिशत राशि का प्रावधान ग्रीन बजट के लिए किया गया है।

किसान सम्मान निधि प्रतिवर्ष 9 हजार रुपए

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार किसानों की आय बढ़ा कर उन्हें आर्थिक रूप से स्वावलम्बी बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। इस क्रम में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत प्रदेश में दी जा रही 8 हजार रूपए की राशि को बढ़ा कर 9 हजार रूपए प्रति वर्ष करने की घोषणा की गई है। किसानों को गेहूं के एमएसपी पर दिए जा रहे 125 रूपए प्रति क्विंटल के बोनस के स्थान पर अब 150 रूपए प्रति क्विंटल का अतिरिक्त बोनस दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले बजट में हमने मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना शुरू की थी, अब इस बजट में इस योजना में बीमित पशुपालकों की संख्या को दोगुना किया जाएगा। गोशालाओं तथा नंदीशालाओं में प्रति पशु देय अनुदान बढ़ा कर 50 रूपए प्रति दिन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में युवाओं के लिए रोजगार सृजन के प्रावधानों को विशेष रूप से रेखांकित किया गया है। युवाओं के विकास एवं कल्याण के लिए राजस्थान रोजगार नीति 2025 लाई जाएगी जिसके अंतर्गत 500 करोड़ रूपए खर्च कर विवेकानंद रोजगार सहायता केंद्र की स्थापना की जाएगी। चार लाख सरकारी नौकरियों के वादे को पूरा करने की दिशा में आगामी वर्ष में सवा लाख पदों पर सरकारी भर्तियां की जाएंगी। निजी क्षेत्र में भी आगामी वर्ष में डेढ़ लाख युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाया जाएगा।

योजना के माध्यम से आंगनबाड़ी पर आने वाले 3 से 6 वर्ष के बच्चों को आगामी वर्ष से सप्ताह में 5 दिवस दूध उपलब्ध करवाया जाएगा। अल्प आय वर्ग के बुजुर्ग व्यक्तियों, विधवाओं, एकल नारियों, दिव्यांग व्यक्तियों तथा लघु एवं सीमांत कृषकों की पेंशन को आगामी वर्ष से बढ़ाकर 1250 रुपए प्रतिमाह किया जाएगा। विमुक्त घुमंतु और अर्ध घुमंतु समुदायों के सशक्तिकरण एवं उत्थान के लिए दादूदयाल घुमंतु सशक्तिकरण योजना प्रारंभ की जाएगी। राजीविका मिशन के अंतर्गत अब प्रदेश की 20 लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य लिया गया है।

## मोदी से मिलने के बाद भारत में तेज हुई टेस्ला की गतिविधियाँ, इस राज्य में लगाएगी कारखाना

**नई दिल्ली।** लंबे इंतजार के बाद इलेक्ट्रिक गाड़ी बनाने वाली कंपनी अमेरिकी कंपनी टेस्ला की भारत में एंट्री होने जा रही है। आपको बता दें कि टेस्ला अमेरिकी उद्योगपति एलन मस्क की कंपनी है। हाल ही में अमेरिकी दौरे पर गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से एलन मस्क ने मुलाकात की थी। उसके बाद मस्क की कंपनी ने भारत में नियुक्तियों के लिए विज्ञापन भी निकाले।

अब इलेक्ट्रिक गाड़ी निर्माण के लिए कंपनी जमीन की तलाश में है। इलेक्ट्रिक वाहन निमार्ता टेस्ला भारत में अपना विनिर्माण कार्य शुरू करने के लिए भूमि की तलाश कर रही है। इकोनॉमिक टाइम्स के अनुसार, टेस्ला की नजर में महाराष्ट्र पहली पसंद है। रिपोर्ट के अनुसार, एलन मस्क की अगुआई वाली कंपनी टेस्ला ने महाराष्ट्र पर ध्यान केंद्रित किया है क्योंकि टेस्ला का पहले से ही पुणे में एक कार्यालय है और राज्य में उसके कई आपूर्तिकर्ता हैं। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि राज्य सरकार ने चाकन और चिखली के पास साइटों की पेशकश की है, जो दोनों पुणे के करीब हैं। चाकन भारत के सबसे बड़े ऑटो मैन्युफैक्चरिंग हब में से एक है, जहां मर्सिडीज बेंज, टाटा मोटर्स वोक्सवैगन और अन्य सहित कई बड़ी कंपनियां स्थित हैं।

## बंगाल के नदिया में भारत-बांग्लादेश सीमा पर बीएसएफ ने 1.48 करोड़ के सोने के साथ भारतीय तस्कर को पकड़ा



**नदिया। पश्चिम बंगा**ल के नदिया में भारत-बांग्लादेश अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर सोने की तस्करी के एक बड़े प्रयास को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने नाकाम कर दिया। जवानों ने बांग्लादेश से भारत में तस्करी की कोशिश कर रहे एक भारतीय को चार सोने की छड़ें, पांच सोने के बिस्कुट और एक छोटे सोने के टुकड़े के साथ गिरफ्तार किया। बीएसएफ की 32वीं बटालियन के जवानों को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली थी कि नदिया के बानपुर गांव से तस्करों का एक समूह बांग्लादेश से सोने की तस्करी करने की फिराक में है। इस सूचना के आधार पर जवानों ने बानपुर सीमा क्षेत्र में जाल बिछाया। वे बाड़ के पास छिप गए और तस्करों का इंतजार करने लगे। कुछ देर बाद जवानों ने सीमावर्ती गांव फुलबारी (बानपुर) से एक संदिग्ध भारतीय तस्कर को आते देखा। संदिग्ध व्यक्ति अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर पहुंचा और बांग्लादेश से आए दो पैकेट उठा लिए। जैसे ही वह पैकेट लेकर वापस जाने लगा, जवानों ने उसे घेर लिया और रुकने का आदेश दिया। खुद को घिरा देखकर तस्कर ने भागने की कोशिश की। जवानों ने तस्कर को रोकने के लिए सुरक्षित जगह पर पीएजी (गैर-घातक गोला-बारूद) से एक राउंड फायर किया। चेतावनी की आवाज सुनकर संदिग्ध घबरा गया और बीएसएफ के जवानों ने उसे तुरंत पकड़ लिया।जवानों ने तस्कर के पास से दो छोटे पैकेट बरामद किए। उनमें 4 सोने की छड़ें, 5 सोने के बिस्किट और एक छोटा सोने का टुकड़ा था। जब्त किए गए सोने का कुल वजन लगभग 1.745 किलोग्राम है, जिसकी अनुमानित कीमत 1,48,93,575 टका (बांग्लादेशी टका) है। गिरफ्तार तस्कर को जब्त किए गए सोने के साथ आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को सौंप दिया गया है। बीएसएफ साउथ बंगाल बॉर्डर के डीआईजी और जनसंपर्क अधिकारी एन.के. पांडे ने कहा कि बीएसएफ तस्करी और अवैध घुसपैठ को रोकने के लिए लगातार सख्त कदम उठा रही है। उन्होंने जवानों की सराहना की और इस बात पर जोर दिया कि यह सफल ऑपरेशन सीमा सुरक्षा और तस्करी विरोधी उनकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# विधानसभा की कार्यवाही में न हो अंग्रेजी का इस्तेमाल, इंग्लिश बोलने-पढ़ने का विरोध नहीं: माता प्रसाद




**लखनऊ।** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि अंग्रेजी बोलने, पढ़ने और लिखने का विरोध नहीं है। लेकिन विधानसभा में अंग्रेजी बोली जाए फिर उसका अनुवाद हो, यह उचित नहीं है। क्योंकि इसे गांव के लोग नहीं समझ सकेंगे। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय विधानसभा के सत्र में भाग लेने के दौरान पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यहां पर हिंदी सभी लोग समझते हैं। क्षेत्रीय बोली भोजपुरी, अवधी और ब्रज को लाएं। लेकिन अंग्रेजी लाना ठीक नहीं है। अंग्रेजी हमारी भाषा नहीं है। अंग्रेजी पढ़ें, लिखें यह सब तो ठीक है। विधानसभा में अंग्रेजी कभी नहीं बोली गई। इसको विधानसभा में कार्यवाही में लाने की क्या आवश्यकता है। माता प्रसाद ने कहा कि हम अंग्रेजी पढ़ाने के विरोधी नहीं हैं। इंग्लिश खूब पढ़ें। इसके साहित्य को खूब पढ़ें। यहां हिंदी भाषी लोग हैं। इसे वे समझते हैं। यदि अंग्रेजी में बोला जाएगा, उसका प्रसारण गांव में होगा, कोई समझ नहीं सकेगा। इस कारण हम इसका विरोध करते हैं। इसके पहले उन्होंने कहा था कि हम लोग अंग्रेजी भाषा के विरोधी नहीं हैं। लेकिन गांव क्षेत्र का आदमी कार्यवाही की अंग्रेजी भाषा को नहीं समझेगा। मैंने उसी का विरोध किया। मैंने सुझाव दिया कि इसे उर्दू कर दें या फिर संस्कृत कर दें।

यही बात मैंने कही। उधर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सपा अपने बच्चों को इंग्लिश मीडियम स्कूलों में पढ़ाएगी और जब सरकार आम जनता के बच्चों को बेहतर सुविधाएं देने की बात करती है, तो ये लोग उर्दू थोपने की वकालत करने लगते हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि सपा देश को कठमुल्लापन की ओर ले जाना चाहती है, जो कतई स्वीकार्य नहीं होगा।

## शिवपाल यादव ने उर्दू मुद्दे और गंगा सफाई को लेकर साधा भाजपा पर निशाना

**लखनऊ । समाजवादी** पार्टी के वरिष्ठ नेता शिवपाल सिंह यादव ने उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा उर्दू के मुद्दे पर विपक्ष को घेरने पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि यह भारतीय जनता पार्टी और मुख्यमंत्री की खीझ है, क्योंकि वे अयोध्या से लोकसभा चुनाव हार गए। उन्होंने कहा कि मिल्कीपुर और संभल में कथित बेईमानी और अत्याचार से जीत हासिल करने के कारण भाजपा की यह हताशा सामने आ रही है। शिवपाल सिंह यादव ने भाजपा पर दोहरे चरित्र का आरोप लगाते हुए कहा कि इसी वजह से वह इस तरह के मुद्दे उठा रही है।

बता दें कि मंगलवार सुबह सदन की कार्यवाही का विरोध करने के बाद दोपहर 12:30 बजे सदन की बैठक शुरू हुई। इस दौरान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने सुझाव दिया कि फ्लोर लैंग्वेज के रूप में अंग्रेजी की बजाय उर्दू को अपनाया जाए, क्योंकि अंग्रेजी की कोई जरूरत नहीं है और उर्दू हमारी दूसरी भाषा है। इस पर सीएम योगी ने हिंदी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं का मुद्दा उठाते हुए विपक्ष पर निशाना साधा।

## एचएमएसआई ने लॉन्च की ओबीडी2बी कंप्लायंट हॉर्नेट 2.0



**करनाल। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया** ने आज अपडेटेड ओबीडी2बी कंप्लायंट हॉर्नेट 2.0 को लॉन्च किया, जो आधुनिक स्टाइलिंग, नवीनतम तकनीक और बेहतर सुरक्षा फीचर्स के साथ आती है। नई 2025 होंडा हॉर्नेट 2.0 की कीमत रु. 1,56,953 (एक्स-शोरूम, दिल्ली) रखी गई है और यह अब पूरे भारत में एचएमएसआई रेड विंग और बिगविंग डीलरशिप पर उपलब्ध है। अपडेटेड हॉर्नेट 2.0 को पेश करते हुए, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के प्रबंध निदेशक, अध्यक्ष और सीईओ, श्री त्सुत्सुमु ओटानी ने कहा, अगस्त 2020 में पहली बार पेश किए जाने के बाद से ही हॉर्नेट 2.0 इस सेगमेंट में गेम-चेंजर रही है। वर्षों से, हमने इस मोटरसाइकिल को लगातार अपडेट किया है और स्पेशल मोटोजीपीएडिशन मॉडल भी लॉन्च किए, जिन्हें हमारे ग्राहकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। नई ओबीडी2बी कंप्लायंट हॉर्नेट 2.0 के साथ, हम इस विरासत को आगे बढ़ाने का लक्ष्य रखते हैं, जो अधिक रिफाइंड राइडिंग अनुभव, अत्याधुनिक तकनीक और उन्नत सुरक्षा फीचर्स प्रदान करती है।" इस घोषणा पर टिप्पणी करते हुए, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के निदेशक, सेल्स और मार्केटिंग, श्री योगेश माथुर ने कहा।

# एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराया



**रेवाड़ी। एसएमएफजी** इंडिया क्रेडिट लिमिटेड ने पशु विकास दिवस के दौरान कई स्थानों पर एक साथ सबसे बड़े पशु विकास प्रशिक्षण के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज करा लिया है। इस गतिविधि में देश भर के 6 आयोजन स्थलों पर 517 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कंपनी द्वारा आयोजित पशु विकास दिवस के सातवें संस्करण के तहत यह उपलब्धि हासिल की गई, जो देश का सबसे बड़ा एक दिवसीय पशु देखभाल शिविर था। इन शिविरों का आयोजन एक साथ 16 राज्यों के 500 स्थलों पर किया गया जिसमें लाभार्थियों की संख्या 1,90,000 रही (150,000 पशु एवं 40,000 पशु मालिक)। एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट के पशु विकास दिवस के 7वें संस्करण का विषय था ह्यमेरा पशु मेरा परिवारह्ल। इस आयोजन के माध्यम से कंपनी ने ग्रामीण परिवारों के जीवन में पशुओं के महत्व पर रोशनी डाली। सालाना पशु विकास दिवस के आयोजन में 6000 से अधिक कर्मचारियों ने हिस्सा लिया, जो ग्रामीण कल्याण के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। श्री शांतनु मित्रा, चीफ एक्जक्टिव ऑफिसर एवं प्रबन्ध निदेशक, एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट ने कहा, एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट में हम समाज कल्याण के प्रयासों द्वारा समाज पर सकारात्मक प्रभाव की उत्पत्ति के लिए प्रतिबद्ध हैं। देश भर में 1000 से अधिक शाखाओं के साथ हमारा ध्यान मुख्यतः टियर 2 नगरों पर केन्द्रित है जहाँ हमारी 90 फीसदी शाखाएं स्थित हैं। वास्तव में पिछले दो सालों में हमने तकरीबन 300 नई शाखाएं खोली हैं और ये सभी शाखाएं टियर-2 नगरों में ही खोली गई हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### रोडवेज कर्मचारियों के लिए तीन महीने में बने तबादला नीति, हाईकोर्ट के निर्देश



**जयपुर। हाईकोर्ट ने** रोडवेज को तीन महीने में अपने कर्मचारियों के लिए तबादला नीति बनाने को कहा है। तबादला नीति में कर्मचारियों की सामाजिक,आर्थिक स्थिति,पोस्टिंग का रिकार्ड,एक पोस्ट पर रहने की अवधि और प्रशासनिक आवश्यकता के पहलुओं का ध्यान रखा जाए और नीति के अनुसार की तबादले किए जाएं। अदालत ने तबादला नीति बनने तक याचिकाकर्ता कर्मचारियों के अभ्यावेदन तय करने तथा तब तक उनके तबादला आदेश स्थगित रखने के निर्देश दिए है। जस्टिस समीर जैन ने यह आदेश सूर्यभान सिंह शेखावत व 14 अन्य याचिकाओं पर दिए। अदालत को बताया गया कि रोडवेज प्रबंधन ने 15 जनवरी को करीब 240 अल्प वेतन भोगी चालक-परिचालकों का करीब 600 किलोमीटर दूर तक तबादला कर दिया। कुछ कर्मचारियों के तबादला आदेश निरस्त भी कर दिए। जबकि कई कर्मचारी कुछ महीने बाद ही रिटायर होने वाले है। रिटायरमेंट के नजदीक कर्मचारी का तबादला करना राज्य सरकार की नीति के विपरीत है। रोडवेज में कोई तबादला नीति नहीं है। इस कारण मनमर्जी से तबादले होते है।

रोडवेज ने ऐसी महिला कर्मचारियों के भी तबादले कर दिए जिनके बच्चों के बोर्ड और प्री-बोर्ड की परीक्षाएं होने वाली है। रोडवेज की ओर से कहा गया कि उसे अपने कर्मचारियों पर प्रशासनिक नियंत्रण रखने के लिए तबादला करने का अधिकार है ।याचिकाकताओं का भी प्रशासनिक कारणों से तबादले किए है। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने रोडवेज को तीन माह में तबादला नीति बनाने और तब तक याचिकाकताओं के तबादला आदेश को स्थगित करने के आदेश दिए है।

### शत्रु संपत्ति मामले में आजम खान के परिवार को बड़ी राहत; पत्नी, बेटे और बहन को मिली जमानत



**रामपुर (उत्तर प्रदेश)।** शत्रु संपत्ति हड़पने के मामले में आरोपी बनाए गए समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता आजम खान के परिवार को बुधवार को अदालत से बड़ी राहत मिली। आजमखान के छोटे बेटे और पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम की जमानत अर्जी मंगलवार को मंजूर की गई थी, जबकि बुधवार को इसी मामले में उनके बड़े बेटे अदीब, पत्नी तजीन फातिमा और बहन निगहत अखलाक की अंतरिम जमानत अर्जी भी न्यायालय द्वारा मंजूर कर ली गई। इसके साथ ही तीनों ने नियमित जमानत के लिए भी प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है, जिस पर 24 फरवरी को सुनवाई होगी। जमानत अर्जी पर सुनवाई के दौरान तीनों कोर्ट में मौजूद रहे। पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खां के परिवार ने आज अदालत में सरेंडर किया। उनकी पत्नी और पूर्व सांसद डॉ. तजीन फातिमा, बेटे अदीब आजम और बहन निखत अखलाक ने कोर्ट में आत्मसमर्पण किया। यह घटनाक्रम शत्रु संपत्ति हड़पने के मामले में आरोपी बनाए गए आजम खां और उनके परिवार के खिलाफ चल रही कानूनी प्रक्रिया का हिस्सा है। अदालत ने इस मामले में जमानत अर्जी पर सुनवाई करते हुए उन्हें राहत देने का फैसला किया था, लेकिन अब तक मामला न्यायालय में विचाराधीन है। तजीन फातिमा ने प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि अदालत के फैसले से न्याय मिला है। हमारे परिवार के खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज किया गया। मामले में जल्द ही सच्चाई सामने आएगी और हमें न्याय मिलेगा। रामपुर की एमपी/एमएलए अदालत ने मंगलवार को शत्रु संपत्ति हड़पने के मामले में आजम खान के दूसरे बेटे अब्दुल्ला आजम की जमानत मंजूर कर ली।



## हेल्थफैब ने जुटाए 10 लाख डॉलर

**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य क्षेत्र की कंपनी हेल्थफैब ने कहा कि उसने अपने प्री-सीरीज ए फंडिंग राउंड में सफलतापूर्वक 10 लाख डॉलर जुटाए हैं। इस राउंड का नेतृत्व मिस्त्री वेंचर्स ने किया, जिसमें बियॉन्डसीड, थ्राइव वेंचर्स और प्रतिष्ठित निवेशकों अनुपम मित्तल, अमन गुप्ता, विनीता सिंह और पीयूष बंसल ने भाग लिया, जिन्हें शार्क के नाम से भी जाना जाता है। हेल्थफैब ने जारी एक बयान में कहा कि ताजा फंडिंग के बाद 2022 में बियॉन्डसीड के नेतृत्व में इसका सीड राउंड होगा। किरीटी आचार्जी, सौरव चक्रवर्ती और सत्यजीत चक्रवर्ती द्वारा स्थापित, हेल्थफैब स्थायी मासिक धर्म देखभाल में सबसे आगे है, जो भारत में अपनी अभिनव तकनीक के लिए बीआईएस प्रमाणन और पेटेंट संरक्षण प्राप्त करने वाला पहला पुन÷ प्रयोज्य पीरियड पैंटी ब्रांड बन गया है। तीन लाख से ज़्यादा ग्राहक हासिल करने और सालाना 2.5-3 गुना राजस्व की वृद्धि दर के साथ हेल्थफैब ने इस फंड का इस्तेमाल मेट्रो और टियर 2 शहरों में अपनी मौजूदगी बढ़ाने के साथ-साथ आगे के शोध एवं विकास में निवेश करने की योजना बनाई है। भारत के स्त्री स्वच्छता उद्योग के 2030 तक 14.8 प्रतिशत (2025-2030) की वृद्धि दर के साथ दो अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। यह बढ़ती जागरूकता और पर्यावरण के अनुकूल मासिक धर्म समाधानों की ओर बदलाव की ओर इशारा करता है।

## भेल ईईपीसी इंडिया क्वालिटी अवार्ड से सम्मानित

**नयी दिल्ली।** भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) को पीएसयू श्रेणी में व्यावसायिक उत्कृष्टता और उच्च गुणवत्ता मानकों के प्रति समर्पण के लिए 'ईईपीसी इंडिया क्वालिटी अवार्ड्स 2024' में गोल्ड अवार्ड से सम्मानित किया गया। कंपनी ने बयान जारी कर बताया कि भेल की इस उपलब्धि को कंपनी की गुणवत्ता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण माना जा रहा है। यह सम्मान भेल द्वारा अपनाई गई व्यावसायिक उत्कृष्टता, 5एस, क्वालिटी सर्कल, डिजिटलीकरण जैसी कंपनी-व्यापी पहलों का परिणाम है, जो ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद और सेवाएं प्रदान करने की दिशा में उठाए गए महत्वपूर्ण कदम हैं। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार भेल की निदेशक (औद्योगिक प्रणाली एवं उत्पाद) और निदेशक (ई, आर एंड डी) - अतिरिक्त प्रभार बानी वर्मा ने केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री श्री जितिन प्रसाद से प्राप्त किया। इस सम्मान के साथ भेल ने एक बार फिर अपने क्षेत्र में गुणवत्ता और व्यावसायिक उत्कृष्टता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने की अपनी प्रतिबद्धता को साबित किया है।

## ट्रंप ने व्यापारिक साझेदारों के लिए समान टैरिफ नीति अपनाने का लिया संकल्प

**नयी दिल्ली ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी व्यापारिक नीति को स्पष्ट करते हुए कहा है कि अमेरिका अपने व्यापारिक साझेदारों पर उन्हीं के लगाए गए टैरिफ के समान शुल्क लगाएगा 'न अधिक, न कम।' श्री ट्रंप ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, व्यापार में निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए हम पारस्परिक टैरिफ नीति अपनाएंगे। यदि कोई देश अमेरिका पर टैरिफ लगाता है तो हम भी उस पर समान टैरिफ लगाएंगे- न ज्यादा, न कम। उन्होंने यह भी कहा कि वैट प्रणाली (मूल्य संवर्धित कर) का उपयोग करने वाले देशों को भी टैरिफ के दायरे में रखा जाएगा क्योंकि यह प्रणाली कई मामलों में टैरिफ से भी अधिक कठोर होती है।अमेरिकी राष्ट्रपति ने दो टूक कहा कि अमेरिका को आर्थिक रूप से नुकसान पहुंचाने के लिए अन्य देशों को अपने माल को किसी तीसरे देश के माध्यम से भेजने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने व्यापारिक सब्सिडी और गैर-प्रत्यक्ष टैरिफ के प्रभाव को भी संतुलित करने की बात कही।श्री ट्रंप ने कहा, हम उन देशों द्वारा दी जाने वाली सब्सिडी का भी मूल्यांकन करेंगे, जो अमेरिकी उत्पादों के लिए बाधाएं खड़ी करते हैं या अमेरिकी कंपनियों को अपने बाजार में प्रवेश से रोकते हैं। इन गैर-प्रत्यक्ष व्यापार बाधाओं की सटीक लागत निर्धारित करने की हमारी क्षमता है।÷ उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी देश को अमेरिकी टैरिफ अधिक लगते हैं, तो उसे अपनी ओर से लगाए गए शुल्क को कम करना होगा। उन्होंने दोहराया कि यदि कोई कंपनी अमेरिका में उत्पादन करती है तो उस पर कोई टैरिफ लागू नहीं होगा।

## फेडएक्स ने भारत में साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान शुरू किया

**मुंबई।** भारत में बढ़ते साइबर धोखाधड़ी मामलों के मद्देनजर वैश्विक एक्सप्रेस ट्रांसपोर्टेशन कंपनी फेडरल एक्सप्रेस कॉर्पोरेशन (फेडएक्स) ने एक राष्ट्रीय स्तर की साइबर सुरक्षा जागरूकता और प्रशिक्षण पहल शुरू की है। कंपनी ने बयान जारी कर बताया कि यह पहल स्थानीय पुलिस, साइबर सुरक्षा प्रकोष्ठ और गैर-लाभकारी संगठन यूनाइटेड वे मुंबई के सहयोग से संचालित की जा रही है। फेडएक्स के मध्य पूर्व, भारतीय उपमहाद्वीप और अफ्रीका क्षेत्र के उपाध्यक्ष नितिन नवनीत टाटीवाला ने कहा, वर्ष 2024 में भारत में साइबर धोखाधड़ी से 1.7 अरब रुपये से अधिक का नुकसान हुआ। बढ़ते साइबर अपराधों के खिलाफ सबसे बड़ा बचाव जागरूकता है। इस पहल के माध्यम से हमारा लक्ष्य नागरिकों को साइबर खतरों से सुरक्षित रहने के लिए आवश्यक ज्ञान और संसाधन प्रदान करना है, जिससे देश में एक अधिक सुरक्षित डिजिटल वातावरण विकसित हो सके। इस पहल के तहत वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और किशोरों सहित 10 हजार से अधिक लोगों को साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# भारत और अर्जेंटीना ने लिथियम खोज और खनन में एमओयू के साथ द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत किया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने खान मंत्रालय के सचिव और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आज यहां अर्जेंटीना के कैटामार्का के गवर्नर राउल एलेजांद्रो जलील के साथ बैठक की। इसमें विशेष रूप से लिथियम अन्वेषण और निवेश के अवसरों में खनन क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

बैठक का एक प्रमुख एजेंडा खान मंत्रालय के तहत एक सार्वजनिक उपक्रम मिनरल एक्सप्लोरेशन एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड (एमईसीएल) और अर्जेंटीना के कैटामार्का की प्रांतीय सरकार के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करना था, जो महत्वपूर्ण खनिजों के अन्वेषण और संसाधन विकास में गहन सहयोग का मार्ग प्रशस्त करेगा।



'लिथियम त्रिभुज' के हिस्से के रूप में अपने विशाल लिथियम भंडार के लिए जाना जाने वाला अर्जेंटीना इलेक्ट्रिक वाहन बैटरी और नवीकरणीय ऊर्जा भंडारण के लिए आवश्यक खनिजों को सुरक्षित करने में भारत के लिए एक महत्वपूर्ण भागीदार है। इसमें खनिज बिदेश इंडिया लिमिटेड (केबीआईएल) और ग्रीनको द्वारा कैटामार्का में चल रहे लिथियम अन्वेषण प्रयासों और अर्जेंटीना की खनन परियोजनाओं में भारतीय कंपनियों की भागीदारी बढ़ाने की संभावनाओं पर चर्चा की गई। दोनों पक्षों ने निवेश, दीर्घकालिक आपूर्ति समझौतों और संयुक्त उद्यमों के लिए रास्ते तलाशे, जो इस महत्वपूर्ण खनिज तक भारत की पहुंच को मजबूत करने में मदद करेंगे।

दोनों पक्षों के वरिष्ठ अधिकारियों ने पारस्परिक रूप से लाभकारी साझेदारी सुनिश्चित करने के लिए नीतिगत ढांचों, नियामक पहलुओं और टिकाऊ खनन प्रथाओं पर चर्चा की। इसके अतिरिक्त अर्जेंटीना के खनन क्षेत्र में भारत की भागीदारी को बढ़ाने के लिए ज्ञान के आदान-प्रदान और बुनियादी ढांचे के समर्थन पर ज़ोर दिया गया।

## यूएई में ऑनलाइन बिकेगा कैम्पा, 'नून मिनट्स' 15 मिनट में करेगा डिलीवरी

**एजेंसी**

**दुबई, यूएई/बेंगलुरू।** रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड का ब्रांड कैम्पा अब यूएई के ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म 'नून मिनट्स' पर भी उपलब्ध होगा। यूएई के ग्राहकों को कैम्पा की डिलीवरी 15 मिनट से भी कम समय में मिलेगी। कंपनी का दावा है कि यह रणनीतिक सहयोग 'नून मिनट्स' के पेय पोर्टफोलियो को मजबूत करेगा। एक दिन पहले ही यानी कंपनी ने कैम्पा को यूएई के बाजारों में उतारने की घोषणा की थी। अली काफिल-हुसैन, चीफ ऑफ स्टाफ, नून ने कहा कि, ÷नून मिनट्स ग्राहकों को उनके पसंदीदा उत्पाद तुरंत पहुँचता है। कैम्पा हमारे पोर्टफोलियो को मजबूत करेगा। हम इस पेय को यूएई में लाने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। यह साझेदारी एक मील का पत्थर साबित होगी क्योंकि हम यह सुनिश्चित करेंगे कि अधिक से अधिक लोग तेज़ी से कैम्पा का आनंद उठा सकें। हमारा मिशन है - ग्राहकों तक कहीं अधिक तेज़ी से बेहतरीन उत्पाद पहुँचाना। रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के सीओओ केतन मोदी ने कहा कि, हम नून मिनट्स के साथ कैम्पा की विशेष साझेदारी की घोषणा करते हुए उत्साहित हैं। हम यूएई में अपनी उपस्थिति बढ़ाते जा रहे हैं और ई-कॉमर्स अधिक उपभोक्ताओं तक पहुँचने की हमारी रणनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इनोवेशन और मजबूत लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए मशहूर नून, यूएई में उपभोक्ताओं तक कैम्पा की रेंज को आसानी से पहुंचाने के लिए एक आदर्श भागीदार है। ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर कैम्पा कोला, कैम्पा लेमन और कैम्पा ऑरेंज उपलब्ध होंगे।

# लगातार दूसरे दिन मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार आज लगातार दूसरे दिन मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत भी कमजोरी के साथ हुई थी। हालांकि बाजार खुलने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से पहले घंटे के कारोबार में ही शेयर बाजार ने निचले स्तर से रिकवरी करके मजबूत स्थिति बना ली, लेकिन इसके बाद मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण इसकी चाल में गिरावट आ गई। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.04 प्रतिशत और निफ्टी 0.05 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। स्टॉक मार्केट में आई गिरावट के बावजूद मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में हुई खरीदारी के कारण निवेशकों ने आज 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक का मुनाफा कमा लिया। आज दिनभर के कारोबार के दौरान पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, रियल्टी और मेटल सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी होती रही। इसी तरह ऑयल एंड गैस, एनर्जी, बैंकिंग, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल और एफएमसीजी इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी ओर आईटी, फार्मास्यूटिकल, टेक और ऑटोमोबाइल सेक्टर के



शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में आज खरीदारों का जोर बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 1.30 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 2.41 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

आज शेयर बाजार में आई कमजोरी के बावजूद छोटे और मंझोले शेयरों में हुई खरीदारी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 3 लाख करोड़ रुपये से भी अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 401.66 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 398.31 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 3.35 करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

# मध्य प्रदेश सरकार की दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि

**एजेंसी**

**भोपाल।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में आगामी 25 फरवरी को एम.पी. स्टेट को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड एवं संबद्ध दुग्ध संघों और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के मध्य सहकार्यता अनुबंध (कोलैबोरेशन एग्रीमेंट) का निष्पादन किया जाएगा। दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में प्रदेश सरकार की यह बड़ी उपलब्धि होगी। यह जानकारी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एक बयान में कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश के दुग्ध उत्पादकों की आय दोगुनी करने एवं दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अत्यंत महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मंत्रि-परिषद द्वारा एम.पी. स्टेट को-आपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड एवं संबद्ध दुग्ध संघों और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के मध्य होने वाले सहकारिता अनुबंध (कोलेबोरेशन एग्रीमेंट) पर सहमति दे दी गयी है। अब यह अनुबंध निस्पादत किया जा रहा है। इस अनुबंध की अवधि पांच वर्ष होगी, जिसका आपसी सहमति से विस्तार किया जा सकेगा। इसके तहत मुख्य रूप से प्रत्येक ग्राम पंचायत में कलेक्शन सेन्टर स्थापित किए जाएंगे, दुग्ध संघों की प्रोसेसिंग क्षमता में वृद्धि की जायेगी और दुग्ध समितियों की संख्या ब?ाई जायेगी। इन सबके परिणाम स्वरूप दुग्ध उत्पादकों की आय में अप्रत्याशित वृद्धि होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के संकल्प पत्र-2023 में प्रदेश में दूध की खरीद सुनिश्चित करने एवं डेयरी किसानों को दूध की सही कीमत दिलाने में मदद करने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में डेयरी सहकारी समिति एवं कलेक्शन सेंटर खोले जाने और श्वेत क्रांति मिशन के अंतर्गत ढाई हजार करोड़ के निवेश से प्रत्येक जिले में सांची डेयरी के साथ मिल्क कूलर, मिनी डेयरी प्लांट एवं चिलिंग सेंटर की संख्या में वृद्धि करने का उल्लेख है। इन संकल्पों को पूरा करने में यह अनुबंध महत्वपूर्ण साबित होगा। यह राज्य के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अंतर्गत सहकारी प्रणाली और सांची ब्राण्ड को मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि दूध की खरीद सुनिश्चित करने एवं सही कीमत दिलाने में मदद के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में कलेक्शन सेन्टर स्थापित किए जाएंगे। वर्तमान में प्रदेश में दुग्ध समितियों की संख्या छह हजार है, जिसे ब?ाकर नौ हजार किया जाएगा। एक दुग्ध समिति लगभग एक से तीन गांव में दुग्ध संकलन करती है, नौ हजार दुग्ध समितियां के माध्यम से लगभग 18 हजार ग्रामों को कवर किया जा सकेगा। दुग्ध संकलन भी 10.50 लाख किलोग्राम प्रतिदिन से ब?कर 20 लाख किलोग्राम प्रतिदिन हो जाएगा। इसके अतिरिक्त एनडीडीबी द्वारा दुग्ध उत्पादक संस्थाओं (एमपीओ) के माध्यम से कवर किए गए गांवों को 1390 से बढ़ाकर 2590 किया जाएगा तथा दूध की खरीद को 1.3 लाख किलोग्राम से बढ़कर 3.7 लाख किलोग्राम प्रतिदिन किया जाएगा।

# भारत और नेपाल ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नए समझौते कर साझेदारी सुदृढ़ की

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत और नेपाल के बीच विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में महत्वपूर्ण सहयोग के तहत, वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) और नेपाल विज्ञान तथा प्रविधि प्रज्ञा प्रतिष्ठान (एनएएसटी) ने मंगलवार को यहां सीएसआईआर-राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला (एनपीएल) में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये।

सीएसआईआर की महानिदेशक और वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग (डीएसआईआर) की सचिव डॉ. एन. कलैसेलवी और एनएएसटी के कुलपति प्रो. डॉ. दिलीप सुब्बा ने समझौते पर हस्ताक्षर किए और दस्तावेज आदान-प्रदान किए। इस समझौते से द्विपक्षीय वैज्ञानिक और तकनीकी सहयोग बढ़ाने का व्यापक तंत्र स्थापित हुआ है।सीएसआईआर और एनएएसटी के बीच लंबे समय से सहयोग है। यह 1994 में आरंभ हुआ था, जब सीएसआईआर और तत्कालीन रोनास्ट अब एनएएसटी के बीच परस्पर हित के क्षेत्रों में संयुक्त अनुसंधान और तकनीकी विकास को बढ़ावा देने के समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। इस समझौते के क्रियान्वयन के लिए 1997 और 2002 में दो कार्यकारी योजनाओं पर हस्ताक्षर हुए। इसके अंतर्गत कई संयुक्त कार्यशालाएं और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये गये, जो समझौते की निर्धारित अवधि से आगे भी जारी रहे। दोनों देशों के बीच नये समझौते का उद्देश्य सहयोग को फिर से सक्रिय और विस्तारित करना तथा दोनों देशों के संस्थानों के बीच वैज्ञानिक सहभागिता बढ़ाना है। वर्ष 2025 के समझौता ज्ञापन के तहत साझेदारी को विभिन्न सहयोगी गतिविधियों द्वारा क्रियान्वित किया जाएगा। इनमें वैज्ञानिक जानकारी, अनुसंधान सामग्री, वैज्ञानिकों के एक-दूसरे के यहां जाने, संयुक्त विज्ञान और प्रौद्योगिकी संगोष्ठी, कार्यशालाओं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन, संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं का निष्पादन, एक-दूसरे की प्रमुख अनुसंधान सुविधाओं का उपयोग, प्रौद्योगिकी साझेदारी और क्षमता संवर्धन के लिए संस्थानों का समेकन शामिल है। दोनों देशों के बीच सहयोग जैविक विज्ञान, खाद्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी, जल और पर्यावरण प्रौद्योगिकी, ईंधन और खनन विज्ञान, धातु विज्ञान, कांच, सिरेमिक वस्तुएं, जैविक पदार्थ और नैनो प्रौद्योगिकी जैसे भौतिक विज्ञान, वैकल्पिक ऊर्जा, चमड़े और फुटवियर तकनीक, मेट्रोलॉजी (माप पद्धति), कार्बनिक यौगिक संबंधी पॉलिमर विज्ञान और औषधि के क्षेत्र में अनुसंधान सहित परस्पर सहमत क्षेत्रों में केंद्रित होगा।

हस्ताक्षर के लिए आयोजित शीर्ष स्तरीय कार्यक्रम में सीएसआईआर, विदेश मंत्रालय, केंद्र सरकार और एनएएसटी के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। सहयोग के प्रभावी तरीकों, संयुक्त अनुसंधान और विकास प्रयासों पर मुख्य रूप से चर्चा हुई।

## अमेरिकी एसईसी ने अडानी रिश्वत मामले में भारतीय अधिकारियों से मांगा सहयोग

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग (एसईसी) ने कथित प्रतिभूति धोखाधड़ी की जांच के सिलसिले में अडानी समूह के संस्थापक गौतम अडानी और उनके भतीजे के खिलाफ भारतीय अधिकारियों से सहयोग की मांग की है। अमेरिकी एसईसी ने न्यूयॉर्क जिला अदालत को बताया कि प्रतिवादी भारत में हैं और उन तक कानूनी नोटिस पहुंचाने के लिए प्रयास जारी हैं। इस प्रक्रिया में हेग सेवा सम्मेलन के तहत भारतीय अधिकारियों से सहायता लेने की योजना भी शामिल है, जिससे सिविल और वाणिज्यिक मामलों से जुड़े दस्तावेजों की कानूनी सेवा संभव हो सके एसईसी ने नवंबर 2024 में अपनी शिकायत दायर की थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड से जुड़े एक वित्तीय लेन-देन के दौरान सितंबर 2021 की ऋण पेशकश के संदर्भ में प्रतिवादियों ने जानबूझकर या लापरवाही से भ्रामक जानकारी प्रस्तुत की। यह संघीय प्रतिभूति कानूनों के धोखाधड़ी विरोधी प्रावधानों का उल्लंघन है। इसी मामले से जुड़े एक अन्य आपराधिक मुकदमे में न्यूयॉर्क के पूर्वी जिले के लिए यूएस अटॉर्नी ऑफिस ने आरोप लगाया कि प्रतिवादियों ने साजिश और प्रतिभूति धोखाधड़ी में संलिप्तता दिखाई है। पिछले सप्ताह अमेरिका की राजकीय यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ अडानी मामले पर कोई चर्चा नहीं की। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में इसे एक ÷निजी मामला÷ करार देते हुए कहा कि इस तरह के मुद्दों पर शीर्ष नेताओं के बीच बातचीत नहीं होती।

# कैट को महाकुंभ 2025 में तीन लाख करोड़ रुपये के कारोबार का अनुमान

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट ) ने महाकुंभ 2025 में 3 लाख करोड़ रुपये का व्यापार होने का अनुमान जताया है। तीर्थ नगरी प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित महाकुंभ के दौरान 45 दिनों में लगभग 60 करोड़ श्रद्धालुओं के आगमन की उम्मीद है, जिससे अनुमानित रूप से 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक के माल तथा सेवाओं के ज़रिए बड़े व्यापार के होने का अनुमान है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं दिल्ली के चांदनी चौक सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने मीडिया से बातचीत में बताया कि विश्व के इस सबसे बड़े मानव समागम ने यह स्थापित कर दिया है कि आस्था में अर्थव्यवस्था का भी समावेश होता है और भारत में सनातन अर्थव्यवस्था



की जड़ें काफ़ी मजबूत हैं, जो देश की मुख्य अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा भी है। खंडेलवाल ने कहा कि महाकुंभ प्रारम्भ होने से पूर्व एक अनुमान के अनुसार महाकुंभ में 40 करोड़ लोगों के आने की संभावना के साथ लगभग 2 लाख करोड़ रुपये के व्यापार होने का अनुमान था। लेकिन पूरे देश में महाकुंभ को लेकर लोगों के अभूतपूर्व उत्साह के कारण उम्मीद की जा रही है कि 26 फरवरी तक लगभग 60 करोड़ लोग महाकुंभ में आयेंगे, जिससे लगभग तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक के बड़े व्यापार होने की संभावना है। इससे उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को बड़ी मजबूती मिली है तथा व्यापार के नए अवसरों का सृजन भी हुआ है। खंडेलवाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के अनुसार अब तक 53 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पवित्र स्नान कर चुके हैं और लगातार बड़ी संख्या में प्रतिदिन लोगों का महाकुंभ में पहुंचना जारी है। खंडेलवाल ने महाकुंभ के आर्थिक प्रभाव को रेखांकित करते हुए बताया कि अनुमान के अनुसार व्यापार के अनेक क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर आर्थिक गतिविधियों को बल मिला है जिसमें प्रमुख रूप से अतिथि सत्कार एवं आवास, खाद्य एवं पेय पदार्थ, परिवहन एवं लॉजिस्टिक्स, धार्मिक वस्त्र, पूजा सामग्री एवं हस्तशिल्प सहित अन्य अनेक वस्तुएं, कपड़ा, परिधान एवं अन्य उपभोक्ता वस्तुएं, स्वास्थ्य सेवाएं एवं वेलनेस सेक्टर, धार्मिक दान एवं अन्य धार्मिक आयोजन , मीडिया, विज्ञापन एवं मनोरंजन, बुनियादी ढांचा विकास एवं नागरिक सेवाएं, टेलीकॉम, मोबाइल, एआई तकनीक, सीसीटीवी कैमरा और अन्य तकनीकी उपकरणों के उपयोग आदि में बड़ा व्यापार हो रहा है।

## गुरमीत सिंह, डिविटास कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड, बैंकिंग क्षेत्र : स्मार्ट निवेशकों के लिए स्थिरता का एक स्तंभ

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** बैंकिंग क्षेत्र अर्थव्यवस्था का आधारभूत स्तंभ बन गया है। बैंकिंग क्षेत्र वित्तीय लेनदेन में एक महत्वपूर्ण मध्यस्थ की भूमिका निभाता है। आर्थिक गतिविधियों को समर्थन देने के अलावा, यह क्षेत्र विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं की गहन पहुंच और वित्तीय सेवाओं की विविधता के माध्यम से ऋण वृद्धि को भी काफी सुविधाजनक बनाता है। बैंकिंग उद्योग तरलता बनाए रखने और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वैश्विक और घरेलू स्तर पर अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय बैंकिंग क्षेत्र ने प्रभावशाली वृद्धि दर्शाई है। यह वृद्धि मुख्य रूप से मजबूत आय और बेहतर परिसंपत्ति गुणवत्ता के कारण हुई है। पिछले दशक में बैंकों की वित्तीय स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, और वे अर्थव्यवस्था में स्थिरता का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बन गए हैं। ऋण आपूर्ति में वृद्धि बैंकिंग क्षेत्र के प्रदर्शन में एक प्रमुख कारक रही है। हालिया आंकड़ों के अनुसार, गैर-खाद्य ऋणों की वृद्धि स्थिर बनी हुई है। इससे पता चलता है कि उद्योग, व्यापार और खुदरा (रिटेल) ग्राहकों की ओर से भारी मांग है। गृह ऋण, व्यक्तिगत ऋण और एमएसएमई ऋण में वृद्धि यह दर्शाती है कि, उपभोक्ता विश्वास और वित्तीय लेनदेन की गति कायम है। बैंकिंग क्षेत्र में परिसंपत्ति गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। बैंकों की गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) अनुपात कई वर्षों के निचले स्तर पर आ गया है। बेहतर ऋण देने की प्रथाएं, बेहतर जोखिम प्रबंधन, तथा वित्तीय संस्थाओं की मजबूत बैलेंस शीट इस प्रदर्शन में परिलक्षित प्रमुख विशेषताएं हैं। बैंकों की तणावग्रस्त परिसंपत्तियों के अनुपात में कमी आने से उन्हें अधिकाधिक लाभ अर्जित करने में मदद मिली है। इससे बैंकिंग क्षेत्र का लचीलापन और बढ़ गया है। व्यक्तिगत शेअरों के जोखिमों को कम करते हुए इस क्षेत्र के विकास में भाग लेने के अवसर तलाश रहे निवशकों के लिए बैंकिंग सेक्टर म्यूचुअल फंड विस्तृत निवेश मार्ग प्रदान करते हैं। ये फंड विभिन्न वित्तीय संस्थानों में परिसंपत्तियों का आवंटन करते हैं। इससे जोखिम फैलता है और निवेशक को क्षेत्र के समग्र प्रदर्शन से लाभ मिलता है। चूंकि निवेश कई बैंकों और वित्तीय संस्थानों में फैला हुआ है, इसलिए केवल एक स्टॉक में निवेश केंद्रित करने का जोखिम कम हो जाता है। फंड मैनेजर सेक्टर में उतार-चढ़ाव पर नज़र रखते हैं और उसके अनुसार निवेश समायोजित करते हैं। इसलिए, निवेशक बैंकिंग क्षेत्र के समग्र विस्तार से लाभ उठा सकते हैं। आने वाले समय में भारतीय अर्थव्यवस्था में निरंतर वृद्धि जारी रहने की उम्मीद है, जिसे उपभोक्ता वस्तुओं की मजबूत घरेलू मांग, बुनियादी ढांचे के विकास और नीति सुधारों से समर्थन मिलेगा।

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा




डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर सप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 1.40 प्रतिशत उबलकर 71.73 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। इसी तरह लंदन ब्रेंट क्रूड 0.60 प्रतिशत की तेजी के साथ 75.67 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

# जी20 ईडब्ल्यूजी बैठक में समावेशी श्रम बाजार, युवाओं और महिलाओं के लिए बेहतर रोजगार पर हुई चर्चा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका में आयोजित पहली जी20 रोजगार कार्य समूह (ईडब्ल्यूजी) बैठक में समावेशी विकास और युवा रोजगार तथा समावेशी भविष्य के लिए सामाजिक सुरक्षा और डिजिटलीकरण की प्राथमिकता वाले मुद्दों पर चर्चा हुई। इसमें भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की सचिव सुमिता डावरा ने दक्षिण अफ्रीका की अध्यक्षता में 18-21 फरवरी 2025 को पोर्ट एलिजाबेथ, दक्षिण अफ्रीका में आयोजित इस पहली जी20 रोजगार कार्य समूह (ईडब्ल्यूजी) बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। इस प्रतिनिधिमंडल में दक्षिण अफ्रीका के डरबन में भारत के महावाणिज्यदूत डॉ. थेल्मा जॉन डेविड और श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के उप निदेशक पीयूष कुमार पाठक शामिल थे। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के प्रवक्ता के अनुसार पहली जी20 रोजगार कार्य समूह बैठक में जी20 सदस्य देशों ने रोजगार, सामाजिक सुरक्षा और कौशल विकास के लिए अपने-अपने नीतिगत दृष्टिकोण पर जोर देते हुए हस्तक्षेप किया। संयुक्त अरब अमीरात, नीदरलैंड और नॉर्वे सहित आमंत्रित सदस्य देशों ने भी प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर हस्तक्षेप किया। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) और आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ओईसीडी) ने भी वैश्विक रोजगार रुझानों और श्रम बाजार सुधारों में सर्वोत्तम प्रथाओं पर एक प्रस्तुति दी।हस्तक्षेप के दौरान सचिव ने रोजगार सृजन, श्रम बाजार लचीलापन और व्यापक सामाजिक सुरक्षा के उद्देश्य से भारत के प्रमुख सुधारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में भारत कृषि, एमएसएमई, विनिर्माण, चिकित्सा शिक्षा और बुनियादी ढांचे के विकास सहित रणनीतिक क्षेत्रीय निवेशों के माध्यम से अपने आर्थिक परिदृश्य को मजबूत करना जारी रखता है। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं और निर्यात-संचालित रोजगार पर ध्यान केंद्रित किया गया, साथ ही वेयरहाउसिंग और एयर कार्गो सुविधाओं को बढ़ाने की पहल की गई। इस हस्तक्षेप ने भारत के सकारात्मक रोजगार रुझानों पर भी जोर दिया, जिसमें 2017-18 में 6 फीसद से 2023-24 में 3.2 फीसद तक बेरोजगारी दर में गिरावट देखी गई। साथ ही श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) और श्रमिक जनसंख्या अनुपात में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। चार श्रम संहिताओं और अन्य सुधारों का उद्देश्य श्रम कल्याण में सुधार करना, सामाजिक सुरक्षा का विस्तार करना (जिसमें गिग और प्लेटफ़ॉर्म श्रमिक शामिल हैं), रोजगार को औपचारिक बनाना और महिला श्रम बल की भागीदारी बढ़ाना है। आईएलओ की विश्व सामाजिक सुरक्षा रिपोर्ट 2024-26 के अनुसार सामाजिक सुरक्षा विस्तार में भारत के प्रयासों को मान्यता दी गई, जिसमें कवरेज 2021 में 24.4 फीसद से दोगुना होकर 2024 में 48.8 फीसद हो गया। आईएलओ के साथ 'इन-काइंड' लाभों और राज्यों के लाभों को शामिल करने के लिए चल रहे काम के साथ देश का संभावित कवरेज और भी बढ़ जाएगा। सचिव ने ई-श्रम पोर्टल की सफलता पर जोर दिया, जिसने 300 मिलियन से अधिक असंगठित श्रमिकों को पंजीकृत किया है, और ईएसआईसी और ईपीएफओ योजनाओं के आधुनिकीकरण पर जोर दिया। रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन (ईएलआई) योजना को औपचारिक क्षेत्र के रोजगार को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में भी उजागर किया गया।

# 28 फरवरी को होगा सांसद खेल महाकुम्भ का शुभारम्भ

## तहसील व जिला स्तर पर आयोजित होंगी खेल प्रतियोगिताएं

**बहराइच। ज**नपद में सांसद खेल महाकुम्भ के सफल आयोजन हेतु सोमवार को देर शाम देर शाम विकास भवन सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड ने कहा कि सांसद खेल स्पर्धा योजना का मुख्य उद्देश्य है कि ग्राम, ब्लाक व तहसील स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कर युवाओं को खेल के प्रति उत्साहित किया जाय। उन्होंने कहा कि ग्रामीण परिवेश में मेधा की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता इस बात की है कि छिपी हुई मेधा को पहचान कर उसे तराशा जाय।

सांसद डॉ. गोंड ने कहा कि ग्रामीण परिवेश में छिपी हुई मेधा को पहचानने में सांसद खेल स्पर्धा योजना मील का पत्थर साबित होगी। सांसद ने सम्बन्धित अधिकारियों से अपेक्षा की शासन की मंशानुरूप सांसद खेल स्पर्धा का प्रत्येक स्तर पर सफलतापूर्वक आयोजित करें ताकि योजना के उद्देश्यों की पूर्ति हो सके। सांसद डॉ. गोंड ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि आयोजन स्थलों पर प्रतिभागियों के लिए माकूल बन्दोबस्त किये जायें जिससे सभी खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का खुलकर प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने कहा कि सभी का यह प्रयास होना चाहिए सांसद खेल महाकुम्भ ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को प्रेरित करने में सफल हो।

सांसद डॉ. गोंड ने निर्देश दिया कि तहसील एवं जिला स्तर पर आयोजित होने वाली खेल प्रतियोगिताओं में आयोजन स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय, एम्बुलेन्स के साथ मेडिकल टीम, सुरक्षा एवं यातायात इत्यादि के उचित प्रबन्ध किये जायें। प्रतियोगिताओं के उद्घाटन हेतु क्षेत्रीय सांसद, विधायक, उप जिलाधिकारी एवं ब्लाक प्रमुख सहित अन्य जनप्रतिनिधियों तथा क्षेत्रीय गणमान्य व संभ्रान्तजन को आमंत्रित किया जाये ताकि खिलाड़ियों की हौसला अफजाई हो सके। सांसद खेल महाकुम्भ के सफल आयोजन हेतु विभिन्न स्तर पर गठित होने वाली समितियों के सम्बन्ध में सांसद ने कहा कि पूर्व वर्षों में गठित समिति के अनुरूप इस वर्ष भी समितियों का गठन कर लिया जाय।

बैठक में तहसील स्तरीय प्रतियोगिता आयोजन के सम्बन्ध में निर्णय लिया गया कि तहसील मिहींपुरवा अन्तर्गत ब्लाक मिहींपुरवा एवं बलहा के लिए 28 फरवरी 2025 को एस.पी.डी. कालेज सेमरहना, तहसील महसी अन्तर्गत के ब्लाक तेजवापुर व महसी के लिए 01 मार्च 2025 को ब्लाक मुख्यालय तेजवापुर बेड़नापुर तथा तहसील नानपारा अन्तर्गत ब्लाक बलहा, नवाबगंज व शिवपुर के लिए 02 मार्च 2025 को सआदत इण्टर कालेज नानपारा में तहसील स्तरीय में प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 07 व 08 मार्च 2025 को इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम, बहराइच लोकसभा क्षेत्र अन्तर्गत जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित होगी जिसमें तहसील मिहीपुरवा, महसी व नानपारा के विजेता खिलाड़ी व टीमें प्रतिभाग करेंगी।

बैठक में निर्णय लिया गया कि सांसद खेल महाकुम्भ में बालक व बालिका वर्ग हेतु 100मी., 200मी., 400मी. व 800मी. की दौड़, खो-खो, कबड्डी और वालीबाल की प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। प्रतियोगिता में 01 जनवरी 2011 के बाद जन्मे खिलाड़ी प्रतिभाग कर सकेंगे। खिलाड़ियों का पंजीकरण सम्बन्धित खण्ड शिक्षा अधिकारी के स्तर पर होगा। जिला स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में प्रत्येक तहसील से एथलेटिक्स खेल में 10-10 बालक-बालिकाएं तथा वालीबाल, खो-खो व कबड्डी खेल में 10-10 खिलाड़ियों की दो टीमें बालक व बालिकाओं की टीमें प्रतिभाग करेंगी।

मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया सांसद खेल महाकुम्भ के सफल आयोजन हेतु बेहतर से बेहतर प्रबन्ध सुनिश्चित करें ताकि प्रतियोगिता में शामिल होने वाले बच्चों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक के अन्त में क्रीड़ाधिकारी आनन्द कुमार श्रीवास्तव द्वारा सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, जिला विकास अधिकारी राज कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## भगवत कृपा से ही मिलता है सत्संग करने का अवसर



**नैनी, प्रयागराज। श्रीमद्** भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही मनुष्य के जीवन में खुशियां आने लगती है। इसके आत्मसात करने से मनुष्य मोक्ष को प्राप्त कर जाता है। यह बातें गंगोत्री नगर स्थित वैष्णव वाटिका में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास राधिका देवी दास ने कही। उन्होंने कहा कि भगवत कृपा से ही लोगों को सत्संग करने का अवसर मिलता है। यह सब प्रभु की कृपा है। सत्संग से परिवार व पितरों को भी लाभ मिलता है। इस अवसर पर बालकृष्ण द्विवेदी, संतोष पाण्डेय, त्रिवेणी प्रसाद पांडेय, विजय शंकर पांडेय, हरिहर प्रसाद श्रीवास्तव, शारदा प्रसाद यादव, अशोक कुमार गुप्ता, विजय नाथ मिश्र, राजेश कुमार श्रीवास्तव, रण बहादुर सिंह आदि उपस्थित रहे।

## जगहतपुर में मृत नवजात बच्ची मिली

**भांवरकोल। था**ना क्षेत्र के जगहतपुर गांव के समीप लाल कपड़े में लिपटी एक मृत नवजात बच्ची मिली। बताया जाता है कि किसी ने लोकलाज के चलते नवजात को रात्रि में कपड़े में लपेटकर सड़क किनारे छोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि आज सुबह ग्रामीण सुबह गांव से बाहर निकले तो सड़क किनारे एक कपड़े में लिपटी नवजात को देखा। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्राम प्रधान अजय कुशवाहा की तहरीर पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## महिला पीजी कॉलेज की एनएसएस छात्राओं ने सिसई हैदर गांव में चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**बहराइच । महिला महावि**द्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के तत्वाधान में आयोजित सप्त दिवसीय विशेष शिविर के पंचम दिवस का शुभारंभ कार्यक्रम अधिकारी डॉ अमृता मिश्रा के निर्देशन में छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना लक्ष्य गीत के साथ किया गया। इसके बाद छात्राओं को योगाभ्यास करवाया गया।

तत्पश्चात शिविर के प्रथम सत्र में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमृता मिश्रा द्वारा टोलियों को कार्य वितरित किया गया आज के विशेष शिविर की थीम "मतदाता जागरुकता विषय पर केन्द्रित थी। अतः छात्राओं ने मतदान के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने एवं महिला मतदान प्रतिशत में वृद्धि करने हेतु जागरूकता अभियान चलाया। इस क्रम में छात्राओं ने डॉ अमृता मिश्रा, डॉ. प्रियंका श्रीवास्तव एवं डॉ०रूही के नेतृत्व में ग्राम सिसई हैदर जाकर ग्रामीणों को लोकतन्त्र में मतदान के महत्व एवं बढ़-चढ़कर मतदान करने के लिए प्रेरित किया। उनके हाथों में "लोकतन्त्र का सबसे बड़ा पर्व है, मतदान करना हमारा फर्ज है" "सारा काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो लिखी तख्तियां थीं।शिविर के द्वितीय सत्र में डॉ अभिलाषा वर्मा के व्याख्यान का आयोजन किया गया जो महिला हाइजीन विषय पर केंद्रित था उन्होंने छात्राओं को मासिक धर्म के समय बरती जाने वाली सावधानियों तथा विभिन्न स्त्री रोगों की जानकारी तथा उससे बचाव के उपाय भी बताए तथा छात्राओं की जिज्ञासा का समाधान उनके प्रश्नों का उत्तर देकर किया। राष्ट्रीय सेवा योजना लक्ष्य गीत तथा राष्ट्र ?गान के साथ शिविर के पंचम दिन का समापन हुआ । आज के दिन अतुल राव,नवीन कश्यप एवं राजन ने अपना सहयोग प्रदान किया ।

## तेज रफ्तार वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत दो गंभीर रूप से घायल

**बहराइच। बह**राइच-गोंडा हाईवे के रसूलपुर नहर पुलिया के पास मंगलवार देर रात तेज रफ्तार वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसके चलते बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने घायलों को एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज भेजा है। चिकित्सकों ने जांच कर एक घायल को मृत घोषित कर दिया। जबकि दोनों घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया है।

देहात कोतवाली के रसूलपुर नहर पुलिया के पास मंगलवार रात लगभग 10 बजे तेज रफ्तार वाहन ने विपरीत दिशा से आ रही बाइक में टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद चालक वाहन सहित फरार हो गया। आसपास के लोग दौड़े और तीनों घायल गोंडा जिले के खरगूपुर थाने के बिशनापुर गांव निवासी 20 वर्षीय राज तिवारी पुत्र शिव कुमार तिवारी, 25 वर्षीय गौरीशंकर तिवारी पुत्र जगदंबा प्रसाद तिवारी, 20 वर्षीय प्रवेश तिवारी पुत्र माता प्रसाद तिवारी को एंबुलेंस मंगवाकर मेडिकल कॉलेज भेजा।

चिकित्सकों ने परीक्षण कर गौरीशंकर को मृत घोषित कर दिया। जबकि राज तिवारी व प्रवेश को प्राथमिक इलाज कर ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया है। यह तीनों युवक दरगाह थाने के नई बस्ती में बहन की शादी में शामिल होने आ रहे थे। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर माच्युर्री में रखवा दिया है। देहात कोतवाल पंकज कुमार ने बताया कि देर रात को सड़क हादसे में एक युवक की मौत हुई है।

## समान प्राथमिक शिक्षा के हिमायती थे स्वाधीनता सेनानी गोपाल कृष्ण गोखले

**बहराइच।** सेनानी भवन सभागार में बुधवार को सेनानी उत्तराधिकारियों ने महान स्वतंत्रता सेनानी गोपाल कृष्ण गोखले की पुण्य तिथि मनायी। सेनानी उत्तराधिकारियों ने स्वतंत्रता आन्दोलन में उनके योगदान और उनके अटूट राष्ट्र प्रेम की चर्चा की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संगठन के प्रदेश कार्यवाहक महामंत्री रमेश कुमार मिश्र ने कहा कि गोपाल कृष्ण गोखले ने 16 मार्च 1911 को एक विधेयक तैयार किया जिसमें उन्होंने सरकार को सुझाव दिया कि 06 वर्ष से 10 वर्ष की आयु तक की लड़कियों और लड़कों को प्राथमिक शिक्षा एक साथ प्रदान की जानी चाहिए। वे सामाजिक और आर्थिक सुधारों पर ज्यादा जोर देते थे,उनका विश्वास था कि सामाजिक और आजादी का कोई अर्थ नहीं।

**संरक्षक:** संजय शुक्ला,( सत्यम शिवम शुभम पीजी व लां कॉलेज टिकरी)

**सलाहकार संपादक:** रिजवान सैफ खान

**सह सपांदक:** मोहम्मद दानिश फारुकी ,

**सह संपादक:** राम सिंह यादव

उक्त सभी पद अवैतनिक है

## " बघेल झील के इको टूरिज्म विकास के लिए 285 लाख स्वीकृत"

**पयागपुर (बहराइच) पयागपुर विधायक सुभाष त्रिपा**ठी के प्रयासों से पयागपुर स्थित प्रदेश के सबसे बड़े वेटलैंड बघेल झील के लिए 285लाख रुपए की इको टूरिज्म विकास योजना प्रदेश सरकार द्वारा स्वीकृत की गई है।योजना के प्रथम चरण के कार्य के लिए रुपए 140 लाख योगी सरकार के द्वारा अवमुक्त भी कर दिए गए है।इस बात की जानकारी हमारे प्रतिनिधि को लखनऊ से दूरभाष पर विधायक सुभाष त्रिपाठी ने दी है।

बताते चले कि गोंडा बहराइच हाईवे से पांच किलोमीटर दक्षिण प्रदेश प्रसिद्ध वेटलैंड बघेल झील अवस्थित है। इस झील और इसके तटों पर फैली हरियाली के दृष्टिगत यहां पर पर्यटन की अपार संभावनाओं को देखते हुए पयागपुर विधायक सुभाष त्रिपाठी बघेल के अस्तित्व रक्षा और पर्यटन के विकास के साथ ही साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर की संभावनाओं को देखते हुए शासन स्तर पर लगातार प्रयास रत रहे है।जिसमें उन्हें तत्कालीन सांसद बृजभूषण शरण सिंह का बराबर सहयोग मिला है।विधायक श्री त्रिपाठी ने बताया कि उनके प्रयासों पर बीती 17 फरवरी को शासन की मुहर भी लग गई है और बघेल झील के तट पर इको टूरिज्म के विकास हेतु शासन द्वारा 285 .42लाख रुपए की कार्य योजना को स्वीकृत करते हुए कार्य को अति शीघ्र शुरू कराने के लिए प्रथम किश्त के रूप रूप में 140 लाख रुपए अवमुक्त भी कर दिए गए है।स्वीकृत परियोजना की जानकारी देते हुए विधायक सुभाष त्रिपाठी ने बताया है कि इको टूरिज्म विकास अंतर्गत इसके तट पर स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाएगा।रात के अधियारे में भी इसके तट को जगमग करने के लिए सौर ऊर्जा केंद्र और सोलर लाइट्स लगाई जाएंगी।उन्होंने बताया कि झील पर एक विशाल धनुषाकार सुंदर डेक बनाया जाएगा जहां से पर्यटक सुंदर बेट लैंड और इसकी प्राकृतिक आभा को निहार सकेंगे। यहां पर सेल्फी प्वाइंट भी रहेगा।बगले के तट पर हरियाली को विकसित करते हुए एक गोलाकार सीढ़ीदार ओपन थियेटर बनाया जाएगा।जहां पर स्थानीय और बाहरी कलाकार , शिल्पकार और प्रतिभाएं अपना प्रदर्शन करेंगी।

## श्री काशी विश्वनाथ धाम में श्री गणेश पूजन के साथ महाशिवरात्रि की तैयारियां शुरू`

**वाराणसी :- श्री काश**ी विश्वनाथ धाम में महाशिवरात्रि की तैयारियां शुरू करने से पहले प्रथम पूज्य श्री गणेश जी महाराज का विधि-विधान से पूजन किया गया` श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास का प्रतिनिधित्व करते हुए मंदिर के सीईओ श्री विश्व भूषण ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच गणेश जी की पूजा की` श्री गणेश जी महाराज का जलाभिषेक करने के बाद उनका सिंदूर से श्रृंगार किया गया इसके बाद श्री गणेश जी को वस्त्र,पुष्प, दुर्वा, माला,नैवेद्य,भोग अर्पित किया गया भावपूर्ण तरीके से गणेश जी की स्तुति कर उनकी आरती उतारी गई शिखर आरती के पश्चात भक्तों में प्रसाद वितरित किया गया` मंदिर के सीईओ श्री विश्व भूषण ने बताया कि श्री काशी विश्वनाथ धाम में महाशिवरात्रि की तैयारी शुरू करने से पूर्व प्रथम पूज्य गौरी नंदन श्री गणेश जी का पूजन किया गया श्री गणेश जी के पूजन के बाद श्री काशी विश्वनाथ धाम में महाशिवरात्रि की तैयारी शुरू कर दी गई है



## काशी और तमिलनाडु के उद्यमियों ने साझा विकास के लिए किया विचारों का आदान-प्रदान

**वाराणसी:- काशी तमिल संगमम 3.0 के मा**ध्यम से भारत की दो प्राचीन संस्कृतियों झ काशी और तमिलनाडु के बीच कला, संस्कृति,शिक्षा,कृषि और उद्योग जैसे विविध क्षेत्रों में गहन संवाद को बढ़ावा दिया जा रहा है इसी कड़ी में बुधवार को काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) स्थित पं.ओंकारनाथ ठाकुर सभागार में उद्यमियों और पेशेवरों के लिए एक अकादमिक सत्र का आयोजन किया गया` इस सत्र का उद्देश्य छोटे उद्यमियों और उद्योग जगत के विशेषज्ञों को एक मंच प्रदान करना था ताकि वे अपने अनुभव,विशेषज्ञता और क्षमताओं को साझा कर आपसी सहयोग से विकास के नए रास्ते खोल सकें `सभागार पंहुचने पर तमिलनाडु से आए प्रतिनिधिमंडल का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया`



कार्यक्रम के दौरान वाराणसी के अपर जिला मजिस्ट्रेट (एडीएम) रवि शंकर ने मुख्य वक्ताओं डॉ. दीपिका कौर,प्रो.सुभाष प्रताप सिंह और डॉ.वी.रामनाथन को सम्मानित किया` सत्र की शुरूआत आईआईटी (बीएचयू) के प्रोफेसर डॉ.वी.रामनाथन के स्वागत उद्बोधन से हुई बीएचयू के प्रबंधन अध्ययन संस्थान की डॉ.दीपिका कौर ने मुख्य वक्ता के रूप में सरकार की विभिन्न योजनाओं और सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई ) क्षेत्र में व्यापार की संभावनाओं पर प्रकाश डाला उन्होंने बताया कि भारत में एमएसएमई क्षेत्र में 5.93 करोड़ पंजीकरण हुए हैं जिससे 25 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार मिला है और यह देश के कुल निर्यात में 45 प्रतिशत का योगदान देता है`

डॉ. कौर ने केंद्रीय बजट 2025-26 में उद्यमियों और एमएसएमई क्षेत्र से संबंधित प्रमुख घोषणाओं की जानकारी दी उन्होंने सूक्ष्म उद्यमों के लिए क्रेडिट कार्ड,ऋण सुविधाओं में बढ़ोतरी और श्रम-प्रधान उद्योगों को प्रोत्साहन देने जैसे सरकार के प्रयासों से प्रतिभागियों को अवगत कराया प्रबंधन अध्ययन संस्थान के ही प्रो.सुभाष प्रताप सिंह ने अनुसंधान, निर्माण क्षेत्र में नवाचार,विपणन तकनीकों और ग्राहक आवश्यकताओं को पूरा करने की रणनीतियों पर अपने विचार रखे उन्होंने हेल्प अस ग्रीन स्टार्टअप का उदाहरण देते हुए बताया कि यह कंपनी मंदिरों से निकले फूलों का पुनर्चक्रण कर इको-फ्रेंडली उत्पाद बनाती है` प्रो.सिंह ने बीएचयू के अटल इनक्यूबेशन सेंटर का उल्लेख किया जहां कोबरा ऑनलाइन प्रा.लि.जैसे स्टार्टअप नवाचार को बढ़ावा दे रहे हैं

## कनुवान गांव में उपचुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संम्पन

**भांवरकोल /गाजीपुर ।** ग्राम ग्राम पंचायत कनुवान में ग्राम प्रधान पद हेतु होने वाला उपचुनाव सुरक्षा की चाकचौबंद व्यवस्था में.शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। उप जिलाधिकारी डा0, हर्षिता तिवारी और सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात नायब तहसीलदार भगवान पांडेय की उपस्थिति में मतदान प्रक्रिया संपन्न होने के बाद मतपेटिका को सील कर दिया गया। थानाध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी भारी संख्या में पुलिस बल के साथ पूरी मतदान प्रक्रिया में उपस्थित रहे। सुबह 2 घंटे तक मतदान की गति काफी धीमी रही लेकिन 9:00 के बाद मतदान की गति कुछ तेज हुई और दोपहर के बाद पुनः मतदान की गति धीमी पड़ती गई। कुल 3754 मतदाताओं में से 1999 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस प्रकार कुल 53. 27 प्रतिशत मतदान हुआ ।मतदान प्रक्रिया समाप्त होने के बाद ग्राम प्रधान पद के लिए मैदान में रहने वाले तीन प्रत्याशियों का भाग्य मतपेटिकाओं में बंद हो गया।

## भव्य व दिव्य तरीके से मनाया जाएगा होलिकोत्सव: दाऊ जी

**बहराइच।** आगामी होलिकोत्सव पर्व को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है।पर्व को भव्यता एवं दिव्यता के साथ मनाने के लिए रूपरेखा बनाई जा रही है।जिला प्रशासन एवं केंद्रीय होली समिति के समन्वय से पर्व को हर्षोल्लास वातावरण में मनाया जाएगा। इस पर्व को लेकर समिति के पदाधिकारियों की एक बैठक अध्यक्ष दीपक प्रकाश सोनी दाऊ जी की अध्यक्षता में उन्हीं के गुदड़ी स्थित आवास पर हुई।बैठक में निर्णय लिया गया कि इस बार होलिकोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा।

बैठक तय किया गया कि इस बार 12 मार्च से होली पर्व की शुरूआत होगी जो 15 मार्च तक चलेगा।उन्होंने बताया कि 12 मार्च को रंग खेलना प्रारंभ होगा।वहीं 13 मार्च को रात्रि के 11.45 मुहूर्त के उपरांत होलिका दहन का कार्यक्रम होगा।तत्पश्चात 14 मार्च को मुख्य पर्व के दिन भव्यता एवं दिव्यता के साथ होली पर्व को मनाया जाएगा।सायंकाल घण्टाघर प्रांगण में होली मिलन एवं रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।15 मार्च को त्रिमुहानी घाट स्थित श्री हनुमानजी के मन्दिर पर सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक होली मिलन एवं भजन,कीर्तन प्रसाद का कार्यक्रम रखा गया है।वहीं सांय काल 15 मार्च को ही घण्टाघर प्रांगण में सांस्कृतिक कार्यक्रम की धूम रहेगी।उन्होंने बताया कि सभी कार्यक्रमो को हाईटेक रूप देने के लिए कार्ययोजना बनाई जा रही है।समिति के महामंत्री सुमित खन्ना ने कहा कि होलिकोत्सव पर्व जिला प्रशासन एवं समिति के समन्वय से दिव्यता के साथ मनाया जाएगा।कार्यक्रम को भव्य रूप देने के लिए पदाधिकारियों, सदस्यों एवं कार्यकर्ताओ की रॉय को शामिल किया जाएगा।उन्होंने कहा इस बार का होलिकोत्सव ऐतिहासिक होगा।बैठक में कृष्ण गोपाल तायल,सुरेश गुप्ता,सुदामा मिश्रा, कन्हैया सोनी,विष्णु कुमार शर्मा,उमा शंकर सोनी,राजेन्द्र कुमार उर्फ युवराज,मंदीप सिंह वालिया,योगेंद्र श्रीवास्तव, राजेन्द्र कुमार गुप्ता,अंकित सिंह,नितिन रूपानी, आनन्द कुमार कक्कू,अनुराग रस्तोगी,राहुल रॉय, देवेन्द्र कुमार मिश्रा,मनीष रस्तोगी,अमित टण्डन,मनोज मिर्ची सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

**होली समिति के मीडिया प्रभारी बने सचिन**

सामाजिक सरोकारों में अग्रणी रहने वाले,दमदार लेखनी से समाज मे अपनी पहचान बनाने वाले समाजसेवी सचिन श्रीवास्तव को बहराइच होली समिति के मीडिया प्रभारी की नई जिम्मेदारी दी गयी है।सचिन के मनोनयन से कार्यक्रम में दिव्यता,भव्यता को नया स्वरूप दिया जाएगा।

## औद्योगिक भूखण्ड पर निर्माण एरिया बढ़ाने से एमएसएमई उद्यमियों को मिलेगा लाभ-लघु उद्योग भारती,काशी प्रांत

**वाराणसी:- लघु** उद्योग भारती काशी प्रांत की बैठक कबीर चौरा स्थित कार्यालय पर हुई` उद्योग स्थापित करने के लिए पूर्व नियम और मानक के अनुरूप सेट बेक के रूप में फैक्ट्री निर्माण में काफी जगह खुला छोड़ना होता सरकार ने भवन निर्माण एवं विकास उपविधि 2008 में संशोधन करके फ्लोर एरिया रेशियो को जहा बढ़ाया है।

## 60 दिव्यांगजनों को नि: शुल्क ट्राइसाइकिल वितरित



**आजमगढ़ 19 फर**वरी-- विकास खण्ड-जहानागंज आजमगढ़ के प्रांगण में पूर्व से चिन्हित कुल 60 दिव्यांगजनों को निःशुल्क ट्राईसाइकिल का वितरण मा0 श्री यशवन्त सिंह जी पूर्व एम0एल0सी0 एवं पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार एवं ब्लाक प्रमुख श्री रमेश प्रसाद कन्नौजिया के कर कमलों द्वारा किया गया किया गया। एम0एल0सी0 महोदय द्वारा बताया गया कि दिव्यांगजनों के लिए उत्तर प्रदेश सरकार एव माननीय प्रधानमंत्री जी के योगदान से दिव्यांगजनों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उनके द्वारा बताया गया कि दिव्यांगजनों में बहुत प्रतिभा होती है। प्रदेश सरकार उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएं चला रही है। सरकार का प्रयास है कि कोई दिव्यांगजन उपकरणो एवं अन्य चलाई जा रही योजनाओं से वंचित न रहें। ब्लाक प्रमुख महोदय द्वारा बताया गया कि यदि कोई भी दिव्यांगजन जो उपकरण एवं अन्य योजनाओं से वंचित रह गये है। उनके आवेदन पत्रों को पूर्ण कराकर लाभान्वित किया जायेगा।

श्री शशांक सिंह, दिव्यांगजन सशक्तीकरण आधिकारी, आजमगढ़ द्वारा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की सम्पूर्ण जानकारी दी गयी, तथा उनके द्वारा बताया गया कि पात्र दिव्यांगजनों को निःशुल्क कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण प्रदान किये जाने हेतु कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना का संचालन किया जाता है। इस योजना के आवेदन, पंजीकरण हेतु विभाग द्वारा ऑनलाइन पोर्टल विकसित किया गया है। ऐसे पात्र दिव्यांगजन जिन्हें कृत्रिमअंगों/सहायक उपकरणों की आवश्यकता है।

## घायल बच्ची की इलाज के दौरान हुई मौत

**भांवरकोल।** थाना क्षेत्र के फखनपुरा गांव में मंगलवार देर शाम कब्रिस्तान के चहारदीवारी का गेट टुटकर गिरने से घायल चंन्दा (8) वर्ष पुत्री सुरेंद्र बनवासी की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। जबकि इस घटना में घायल एक अन्य लड़की गुड़िया पुत्री श्यामविहारी बनवासी का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं इस घटना में हल्के रूप से चोटिल विन्द्रा वनवासी का पांच वर्षीय पुत्र विनय का उपचार स्थानीय स्तर पर ही कराया गया । पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि फखनपुरा गांव के बनवासी बस्ती के बच्चे कब्रिस्तान के पास खेल रहे थे। खेलते समय बच्चे गेट पर झूल गए चहार दीवारी में गेट की पकड़ कम होने के कारण बच्चों के झूलने से ही गेट चहार दीवारी के कुछ भाग के साथ ही नीचे आ गया। इस दौरान चहारदीवारी का गेट टुटकर गिर जाने से दो बच्चियां और एक बच्चा घायल हो गये। हल्के रूप से घायल विनय को हल्की चोट आने के कारण स्थानीय स्तर पर ही उपचार कराया गया। गंभीर रूप से घायल दोनों को इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान चन्दा की देर रात मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## स्टडी हॉल कॉलेज के छात्र ने अंतर विश्वविद्यालय खेलों में कांस्य पदक जीता

**स्टडी हॉल कॉ**लेज के छात्र अब्दुल हक ने कश्मीर के गुलमर्ग में आयोजित अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालय शीतकालीन खेलों (2024-25) में कांस्य पदक जीतकर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। लखनऊ विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए, अब्दुल ह्लआइस स्टॉकह्न पुरुष टीम के इस प्रतिष्ठित खेल आयोजन की मेजबानी कश्मीर केन्द्रीय विश्वविद्यालय ने भारतीय विश्वविद्यालय संघ के सहयोग से की थी। इस आयोजन में, भारत के विभिन्न विश्वविद्यालयों के छात्र-एथलीटों कॉलेज को गौरवान्वित करने के लिए बधाई दी। अठारह वर्षीय अब्दुल हक एक महत्वाकांक्षी एथलीट हैं और बीकॉम की पढ़ाई कर रहे हैं ।

## सेवाश्रय अखाड़ा के अध्यक्ष पंडित अरविन्द त्रिपाठी को काशी का सम्मान से किया गया सम्मानित

**वाराणसी :- ग्वा**लियर मध्य प्रदेश श्री हनुमान सत्संग धाम द्वारा आयोजित वार्षिक महोत्सव कार्यक्रम में महामंडलेश्वर श्री संतोष गुरूजी के सानिध्य में नवनियुक्त सेवाश्रय अखाड़ा के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंडित अरविन्द त्रिपाठी को काशी सम्मान से किया गया सम्मानित।

सबसे तेज प्रयागराज, मुद्रक, प्रकाशक, स्वामी संपादक हनुमान प्रसाद शुक्ल द्वारा विपिन इंटरप्राइजेस 1/6सी/1 मास्टर जरूहुल हसन रोड़, कटरा, प्रयागराज से मुद्रित कराकर, करीमुददीनपुर पोस्ट अटरामपुर नवाबगंज प्रयागराज से प्रकाशित। मो नं. 9452842169। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आ.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद का निपटारा इलाहाबाद न्यायालय में होगा। आपत्तियां एक सप्ताह के अंदर ही स्वीकार की जाएगी। समाचार पत्र की जिम्मेदारी लेखक व संवाददाता की होगी